जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 29 संख्याः 314 प्रभात अजमेर, रविवार 15 जून, 2025 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# ऑयल का ट्रांसपोर्टेशन अवरुद्ध होने के भय से ही ऑयल की कीमत में 14 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है

## और अगर ''स्ट्रेट ऑफ होरमुज़'', जिसके मार्फत विश्व का 20 प्रतिशत ऑयल ट्रांसपोर्ट होता है, वाकई में अवरुद्ध हो गया तो ऑयल का अंतर्राष्ट्रीय मूल्य 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर सौ से 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँच सकता है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। इज़राइल और ईरान के बीच खुला संघर्ष छिड़ने से वैश्विक तेल बाज़ार अस्त-व्यस्त हो गया है। हालांकि अब तक किसी टैंकर पर हमला नहीं हुआ है और उत्पादन केंद्र भी सुरक्षित हैं, फिर भी केवल मनोवैज्ञानिक प्रभाव से ही कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि हो गई है। ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 14 प्रतिशत बढ़ गयी है, और इसका मूल्य 70 डॉलर प्रति बैरल था, युद्ध शुरू होने के बाद 80 डॉलर के करीब पहुँच गया है।

- अभी ऑयल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से 80 डॉलर प्रति बैरल पहुँचने से ही भारत की इकॉनमी को भारी झटका लगा है, जिसे संभालने में ही पसीने छूट गये और अगर कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल हो गई तो भारत की इकॉनमी ''क्रैश'' होने की संभावना यथार्थ में परिवर्तित होगी।
- हालांकि, भारत ने पिछले कुछ वर्षों से अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरान से तेल खरीदना काफी कम, लगभग बंद ही कर दिया था। भारत ''डिस्काउन्टेड कीमत'' पर, रूस से ऑयल खरीद रहा था, पर, ''डिस्काउन्टेड कीमत'' भी अंतर्राष्ट्रीय ऑयल प्रॉइस के अनुसार, घटती-बढ़ती तो है ही।
- अतः ऑयल प्रॉइस बढ़ने से देश में ट्रांसपोर्टेशन खर्च, पैकेजिंग खर्च, कृषि (खाद आदि) व कैमिकल्स की कीमत आसमान छूने लगेगी।

इस मूल्य वृद्धि का कारण अभी तक तेल की कमी नहीं है, बल्कि बढ़ते जोखिम के कारण ऐसा हुआ है। इन आशंकाओं का मुख्य केंद्र है होरमुज़ की खाड़ी, जहाँ से विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस का परिवहन होता है। यहाँ किसी भी प्रकार का व्यवधान, चाहे वह ईरानी नाकेबंदी, माइंस लगाना हो या लक्षित हमले हों, कीमतों को तुरंत 100 डॉलर प्रति बैरल या उससे अधिक तक पहुँचा सकता है। वैश्विक कमोडिटी व्यापारी, शिपिंग बीमा कंपनियाँ और नीति निर्माता पहले से ही हाई अलर्ट पर हैं, क्योंकि एक भी चूक से तेल आपूर्ति व्यवस्था में अफरा तफरी मच सकती है।

भारत पर इसका प्रभाव सबसे जल्दी और बहुत गंभीर होगा। भारत अब भी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात करता है, और हालाँकि ईरान से प्रत्यक्ष आयात हाल के वर्षों में अमेरिका के प्रतिबंधों के चलते कम हुआ है, फिर भी हमारा देश वैश्विक तेल मूल्यों में उतार-चढ़ाव के प्रति अत्यंत संवेदनशील बना हुआ है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें भारत के बजट घाटे को बढ़ाएंगी, रुपये को कमजोर करेंगी, और महंगाई बढ़ेगी। और वो भी तब ऐसे समय में जब देश कोविड के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

जयपुर, 14 जून। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने नाबालिग का अपहरण कर, उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त काजू उर्फ राजू कुमार को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख तीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी विकास कुमार खंडेलवाल ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग की सहमति के खिलाफ जाकर उसके साथ कई बार संबंध बनाए। ऐसे में उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मातादीन शर्मा ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने 7 फरवरी, 2023 को करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि उसकी नाबालिग बेटी गत 1 फरवरी को चावल खरीदने के लिए बाजार गई थी, लेकिन उसका अभी तक पता नहीं चला है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुछ दिनों के बाद अहमदाबाद से पीड़िता को बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया था। पीड़िता ने अदालत को बताया कि अभियुक्त ने उसे वैद्य जी का चौराहा

- पीड़िता का अपरहरण कर अभियुक्त उसे अहमदाबाद ले गया और कई बार दुष्कर्म किया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान का महेश कुमार नीट-यूजी ऑल इंडिया टॉपर

## हनुमानगढ़ के महेश कुमार ने 99.99 परसैंटाइल प्राप्त किए

नयी दिल्ली, 14 जून। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को अंडरग्रेजुएट मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया, जिसमें 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

इस साल राजस्थान के महेश कुमार ने 99.99 परसेंटाइल हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान मिला है। लड़कियों में अविका अग्रवाल ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।

- दूसरा स्थान मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया व तीसरा स्थान महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को मिला। लड़कियों में अविका अग्रवाल ने टॉप किया है।
- नीट यूजी परीक्षा चार मई को आयोजित की गई थी और इसमें 12.36 लाख विद्यार्थी पास हुए हैं।
- इस वर्ष कट ऑफ में 18 अंकों की गिरावट देखी गई। सामान्य वर्ग की कट ऑफ 686-144 अंक के बीच है। ओबीसी, एससी, एसटी की कट ऑफ 143 से 113 के बीच है। जनरल वर्ग के दिव्यांग व आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की कट ऑफ 143 से 127 के बीच व एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के दिव्यांगों की कट ऑफ 126 से 113 अंक है।

इस बार कटऑफ में 18 अंकों की कमी देखी गई। एनटीए ने नीट-यूजी 2025 के लिए ने सभी श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर भी जारी किया है। इस वर्ष सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कटऑफ स्कोर 686 से 144 के बीच निर्धारित किया गया है। वहीं, जनरल श्रेणी के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग, दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह कटऑफ स्कोर 143 से 127 के बीच है। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर 143 से 113 के बीच निर्धारित है। अनुसूचित जाति, जन जाति व ओबीसी के दिव्यांगों के लिए कट ऑफ 126 ये 113 के बीच है।

उल्लेखनीय है कि नीट-यूजी 2025 की परीक्षा चार मई को आयोजित की गई थी। परीक्षाएं देश के 552 शहरों के 5468 केन्द्रों पर 13 भाषाओं में आयोजित हुई थीं। देश के बाहर यह परीक्षा 14 शहरों में आयोजित की गयी, जिनमें आबू धाबी, दुबई, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, कुवैत सिटी, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह और सिंगापुर शामिल हैं।

इस वर्ष 22 लाख 76 हजार 069 अभ्यर्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि कुल 22 लाख नौ हजार 318 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 12 लाख 36 हजार 531 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए।

पिछले वर्ष नीट-यूजी 2024 में 24 लाख छह हजार 079 विद्यार्थी ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इज़रायल-ईरान युद्ध से खाड़ी देशों में कार्यरत 72 लाख भारतीयों की आजीविका व जिन्दगी जुड़ी है

## ये भारतीय नागरिक यू.ए.ई., सऊदी अरब, कतर व कुवैत में रहते और कार्य करते हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। ईरान इज़रायल जंग के आर्थिक दुष्प्रभावों के अलावा, यूएई, सऊदी अरब, क़तर और कुवैत सहित, खाड़ी देशों में रहने वाले 72 लाख से अधिक भारतीयों पर भी इस बढ़ते तनाव का सीधा और अप्रत्यक्ष असर पड़ सकता है। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अस्थिरता उनके रोज़गार व सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है, जो भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

- इन भारतीयों की आजीविका, रेमिटैंन्स, व सेफ्टी से भारत के सामाजिक, आर्थिक संतुलन का गहरा संबंध है।
- अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कहा है कि इस युद्ध का कारण, ''ईरान की अनियंत्रित न्यूक्लियर महत्वाकांक्षा'' है। पर, अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय विचारक मानते हैं, इज़रायल ने कहीं न कहीं वो ''रेड लाइन'' (लक्ष्मण रेखा) लांघ दी है, अपने आक्रमण से, जिससे एक निर्णायक क्षेत्रीय युद्ध की संभावना प्रबल हो गई है।

इस स्थिति को और बिगाड़ने में वैश्विक शक्तियों, विशेष रूप से अमेरिका की भूमिका पर भी विशेषज्ञों ने चिंता जताई है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इज़राइल की आक्रामक रणनीति का समर्थन करते हुए इसे ईरान की निरंकुश परमाणु महत्वाकांक्षाओं के प्रति आवश्यक प्रतिक्रिया बताया है।

हालांकि, कई अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि इज़राइल की यह सैन्य कार्रवाई एक रेड लाइन पार कर चुकी है, जिससे ईरान की ओर से पलटवार की आशंका और क्षेत्रीय युद्ध का खतरा बढ़ गया है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में खाड़ी अध्ययन के पूर्व अध्यक्ष प्रो. आफताब कमाल पाशा ने इज़राइल की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा, ''वैश्विक शक्तियों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सीज़फायर के बाद सीमावर्ती जिलों में किये तबादलों पर पुनर्विचार करें

जयपुर, 14 जून। राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने राज्य सरकार को कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एएनएम का सीमावर्ती जिले में किए गए तबादला -आदेश पर नए सिरे से विचार किया जाए। पीठासीन अधिकारी चेतनराम देवड़ा और लेखराज तोसावडा ने ये आदेश कविता की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। अपील में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि भारत-पाकिस्तान के बीच गत दिनों सीमा पर तनाव हुआ था। भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में बने आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की गई थी। इस दौरान, पाकिस्तान ने भी देश में हवाई हमले की कोशिश की थी। ऐसे में राज्य सरकार ने एहतियातन याचिकाकर्ता सहित अन्य लोगों का

- राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने राज्य सरकार को आदेश दिये।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इस पीढ़ी के युवा वकीलों से सुप्रीम कोर्ट को गंभीर शिकायत है

## सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि युवा वकील अपना करियर ट्रायल कोर्ट से शुरु नहीं करना चाहते

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह चिंता व्यक्त की कि अब अधिकतर युवा वकील अपने करियर की शुरुआत ट्रायल कोर्ट से करने से बच रहे हैं, जिससे उन्हें मुकदमेबाज़ी की बुनियादी प्रक्रियात्मक (प्रोसीजरल) समझ विकसित करने का अवसर नहीं मिल पाता। अवकाशकालीन पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी ने टिप्पणी की, कि "इस पीढ़ी की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे प्रैक्टिस सीखने के लिए ट्रायल कोर्ट जाना ही नहीं चाहते।" इस पीठ में न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले भी शामिल थे। यह टिप्पणी उस समय आई जब एक वकील को सुप्रीम कोर्ट में पैरोल याचिका से संबंधित प्रक्रिया समझानी पड़ी।

- इस कारण उन्हें कोर्ट की प्रक्रिया से पूरी वाकफियत नहीं होती।
- कोर्ट ने यह टिप्पणी पॉक्सो केस में दस साल की सजा भुगत रहे एक आरोपी की पैरोल याचिका की सुनवाई करते हुए की।

यह मामला पॉक्सो (बच्चों के यौन अपराधों से संरक्षण) अधिनियम के तहत 10 साल की सजा काट रहे एक दोषी की पैरोल याचिका से जुड़ा था।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पहले ही इस याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि आरोपी को सितंबर 2024 में उसकी पत्नी की सर्जरी के लिए 45 दिन की पैरोल पहले ही दी जा चुकी थी।

हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि उस समय हीमोग्लोबिन की कमी के कारण उसकी पत्नी की सर्जरी नहीं हो सकी थी, और अब सर्जरी 16 जून को तय की गई है। वकील ने यह भी कहा कि सर्जरी के बाद पत्नी की देखभाल और नाबालिग बच्चों के पालन-पोषण के लिए आरोपी की उपस्थिति आवश्यक है।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट बैंच ने अंततः 15 जून से 21 जून तक एक सप्ताह की पैरोल मंज़ूर कर दी, लेकिन पीठ ने याचिका दायर करने की प्रक्रिया को लेकर नाराज़गी जताई। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने पहले उचित प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क नहीं किया और न ही राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की पूर्व सूचना दी।

कोर्ट ने वकील से कहा, ''मानक प्रक्रिया यही है कि पहले संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया जाए, कारणों को समझाया जाए, और फिर पैरोल आदेश प्राप्त किए जाएँ - लेकिन यह प्रक्रिया नहीं अपनाई गई।''

एक सप्ताह की पैरोल देते हुए न्यायालय ने कहा, ''हम इस स्तर पर यह नहीं कह रहे हैं कि याचिकाकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय या सुप्रीम कोर्ट में सीधे याचिका दायर करना सही है या नहीं।''

जब याचिकाकर्ता के वकील ने राहत अवधि को दो सप्ताह तक बढ़ाने का अनुरोध किया, तो न्यायमूर्ति भट्टी ने स्पष्ट किया कि यह आदेश उनके साथी न्यायाधीश के आग्रह पर ही पारित किया गया है - यह संकेत देते हुए कि वे खुद इसे खारिज कर देते। हालांकि पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता आगे संबंधित अधिकारियों के समक्ष पैरोल एक्सटैंशन के लिए आवेदन दे सकता है और यदि आवश्यक हो तो अगली सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट का रुख फिर से कर सकता है।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर रोजगार मेला

नयी दिल्ली, 14 जून। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर 19 जून को दिल्ली कांग्रेस पार्टी तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में पूर्वाह्न 10 बजे से एक मैगा जॉब फेयर आयोजित करेगी।

दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने शनिवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि दिल्ली कांग्रेस और युवा कांग्रेस मिलकर 19 जून को तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में पूर्वाह्न 10 बजे से एक मैगा जॉब फेयर का आयोजन करेगी, जिसमें लगभग 100 प्रमुख कंपनियां 5000 से

- दिल्ली कांग्रेस 19 जून, राहुल गांधी के जन्मदिन पर तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में एक मैगा जॉब फेयर आयोजित करने जा रही है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस में जातिगत जनगणना के बारे में हिचकिचाहट सी क्यों है?

## हालांकि, राहुल गांधी पूर्णतया, ''कास्ट सैन्सस'' के पक्ष में पुरजोर तरीके से हैं, पर, काफी कुछ पार्टी के पुराने वरिष्ठ नेताओं में बेचैनी सी है, इस जातिगत जनगणना को लेकर

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना कराने की घोषणा तो कर दी, लेकिन भाजपा के बहुत सारे लोग इस बात को लेकर चिन्तित हैं कि इससे हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा नष्ट हो जायेगी। इधर, कांग्रेस में भी जातिगत जनगणना को लेकर मिले-जुले विचार हैं तथा कुछ ग्रुपों की ओर से विपक्ष पर राजनैतिक, रणनीतिक तथा लॉजिस्टिक चिंताओं का आरोप लगाया जा सकता है। यहाँ हम उन प्रमुख कारणों का विश्लेषण प्रस्तुत कर रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर कुछ लोग राहुल गांधी द्वारा समर्थित एवं प्रोत्साहित जाति गणना के विरोध में क्यों हैं या वे पूरी तरह इसका समर्थन करने में क्यों हिचक रहे हैं।

- बेचैनी का कारण है, कांग्रेस का परम्परागत समर्थक वोट, सवर्ण वोट, इस ''कास्ट सैन्सस'' के नतीजों के बारे में आशंकित है तथा कांग्रेस की पुराने नेताओं को इस वोट बैंक के खिसकने का भय है।
- इन वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि मतगणना के कारण ओबीसी आदि का आरक्षण बढ़ाने का दबाव बढ़ेगा। पर, इस आरक्षण बढ़ने का लाभ क्षेत्रीय पार्टियों को, जैसे, सपा, आरजेडी, बसपा, जेडी (यू) को ही मिलेगा, जो अधिकतर जात आधारित पार्टियाँ मानी जाती हैं।
- जानकार लोगों का यह भी कहना है कि 2011 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने सामाजिक, आर्थिक व जातिगत आधार पर जनगणना करवाई थी। पर, इस सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होने दी थी, क्योंकि सर्वे का नतीजा शायद कांग्रेस के पक्ष में नहीं था।

पहली बात कांग्रेस को परम्परागत रूप से कई राज्यों में अगड़ी जातियों, खासातौर से ब्राह्मणों का समर्थन मिलता रहा है। जातिगत जनगणना से घोर असमानताएं खुलकर सामने आ सकती हैं तथा आरक्षण को फिर से तय किये जाने की माँग उठ सकती है तथा इससे अगड़ी जातियों के मतदाता परेशान एवं नाराज़ हो सकते हैं।

दूसरी बात, कांग्रेस एक व्यापक-जनाधार वाला राजनैतिक संगठन है, जिसमें विभिन्न जातियों और राज्यों के नेता शामिल हैं। हाल ही के वर्षों में राहुल गांधी तथा कुछ अन्य नेताओं ने जातिगत जनगणना का समर्थन किया है तथा इसके पीछे ''सामाजिक न्याय'' की भावना रही है। लेकिन कुछ पुराने नेता इसलिये आशंकित एवं सतर्क हैं क्योंकि उन्हें कुछ जातियों के दूर हो जाने का डर है। इसके अलावा, वे इसे पार्टी की मूल विचारधारा के विरोध में मान रहे हैं।

कांग्रेस यह देखती आ रही है कि क्षेत्रीय दल जैसे आरजेडी, सपा, और जेडीयू ने जाति आधारित गठबंधनों से मजबूत राजनीतिक आधार तैयार किया है।

लेकिन कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दलों को डर है कि जाति जनगणना से वोट बैंक और भी ज्यादा बंट सकता है और इससे जाति-आधारित क्षेत्रीय दलों को फायदा हो सकता है।

इसके अलावा, जाति जनगणना की प्रक्रिया अपने आप में जटिल है, वर्गीकरण, गिनती और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजस्थान में 20 जून को मानसून आएगा

जयपुर, 14 जून। भीषण गर्मी से जूझ रहे राजस्थानवासियों को जल्द राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग जयपुर के अनुसार, राज्य में 20 जून के आसपास मानसून के प्रवेश की प्रबल संभावना है। इस दिशा में संकेत पहले ही मिल चुके हैं, क्योंकि वर्तमान में प्रदेश के कई हिस्सों में प्री-मानसून गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर-पश्चिम राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों में एक

- भारतीय मौसम विभाग ने तेज बारिश के संकेत दिए और कहा, 14 जून से जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों, बीकानेर, कोटा, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर व भरतपुर में बादल छाने, आँधी व छिटपुट बारिश की संभावना है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**हमारी आनंदपूर्ण बदकारियाँ ही हमारी उत्पीड़क चाबुक बन जाती हैं। –शेक्सपियर**

# गरीबी से बड़ा कोई अभिशाप नहीं, इससे मुक्ति दिलाने में शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति व पर्यावरण से बेहतर कोई उपाय नहीं

मेरा जीवन एक साधारण गांव में शुरू हुआ। जहां अकूत गरीबी थी। मेरे पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे और मैं प्रायः उनको इस संघर्ष में देखता था कि कैसे वे एक ओर अपने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते थे और दूसरी ओर सरकारी अफसरों और नेताओं से हाथ जोड़कर अपने पदस्थापन स्थान के विकास के लिए याचना करते थे।मैंने तब इस बात को स्वयं जिया कि कैसे गरीबी न केवल जीवन की गुणवत्ता को कम करती है,बल्कि यह व्यक्ति की आत्मा को भी छलनी कर देती है। इस अभिशाप से मुक्ति पाने की छटपटाहट में मैंने शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण के महत्व को आत्मसात और क्रियान्वित किया। शिक्षा ने मेरे लिए विश्व के बंद दरवाजे खोले। शिक्षा मेरे लिए ज्ञान की वह रोशनी लेकर आई,जिसने मुझे अपनी स्थितियों को समझने और उन्हें बदलने की रणनीति और शक्ति दी। स्वास्थ्य ने मुझे यह सिखाया कि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ और निर्मल मन निवास करता है,और यही निर्मल मन व्यक्ति के समग्र कल्याण का बीज है। शांति ने मुझे आंतरिक संतुलन और सामंजस्य के चमत्कारी प्रभाव को समझाया,जो हमारे भीतर सहयोग और सद्भावना को बढ़ाता है। हमारे आसपास का पर्यावरण और उसको बेहतर रखने के प्रति सचेत रहनेसे मुझे यह समझ पाना सुलभ हुआ कि प्राकृतिक संसाधन हमारे जीवन केमूल आधार हैं और इनकी सुरक्षा करना हमारी असल में हमारी अपनी भलाई के लिए अनिवार्य है। इस प्रकार,मेरी कहानीआपकोयह सिखा सकती है कि गरीबी से लड़ने और विजय पानेहेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण कोसाथ लेकर चलना होगा। ये चारों स्तंभ व्यक्तिगत जीवन के साथ ही समग्र समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। जब हम इन स्तंभों को सशक्त बनाते हैं, तो हम न केवल गरीबी के विरुद्ध एक प्रबल लड़ाई लड़ सकते हैं,बल्कि एक ऐसे समाज की नींव रख सकते हैं जो अधिक समृद्ध, स्वस्थ, और शांतिपूर्ण हो। अपनी जीवन यात्रा में मैंने यह भी सीखा कि जब समाज एक साथ मिलकर काम करता है, तो बदलाव लाना तुलनात्मक रूप से शीघ्रतापूर्वक संभव हो पाता है। शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाना, स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना, शांति की दिशा में काम करना और पर्यावरण की रक्षा करना–ये सभी कार्य तब और अधिक प्रभावी होते हैं जब हम सभी इसमें साझा प्रयत्न करते हैं।मेरी कहानी यह भी दर्शाती है कि गरीबी एक बड़ी चुनौती है, लेकिन इसे पराजित करने के लिए हमारे पास शक्तिशाली रणनीतियां उपलब्ध हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति, और पर्यावरण के माध्यम से हम व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बना सकते हैं, और साथ ही पूरे समाज और राष्ट्र को भी उन्नित की ओर ले जा सकते हैं। इस दिशा में मिलजुलकरकिया गया कार्य एक ऐसे भविष्य की ओर ले जा सकता है जहाँ गरीबी मात्र इतिहास का हिस्सा बन कर रह जाए। शिक्षा का महत्व तो जगजाहिर है। यह व्यक्ति को न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उसे आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक होती है। एक अनपढ़ व्यक्ति जो अपने अधिकारों से अनभिज्ञ होता है, उसे प्रायः शोषण का सामना करना पड़ता है। जब वही व्यक्ति शिक्षित हो जाता है, तो वह न केवल अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है, बल्कि अपने जीवन की बेहतरी हेतु सही निर्णय ले सकता है। उदाहरण के लिए, एक छोटे गांव की एक युवती जिसने शिक्षा प्राप्त की और अपने गांव में एक स्कूल खोला, उसने अपना जीवन तो बदला ही साथही अपने गाँव के बच्चों को भी शिक्षित करने का मार्ग प्रशस्त किया। शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य भी गरीबी से मुक्ति का एक अनिवार्य साधन है। बीमारियों से मुक्त एक स्वस्थ व्यक्ति अपने कार्य में अधिक सक्षम होता है और तुलनात्मक रूप से अधिक आय अर्जित कर सकता है। इसके उलट, एक बीमार व्यक्ति अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर सकता, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति दुष्प्रभावित होती है। स्वास्थ्य सेवाओं का सुलभ होना और उनकी गुणवत्ता दोनों ही महत्वपूर्ण है। एक स्वस्थ समाज ही एक समृद्ध और सुखी समाज की नींव रख सकता है। एक छोटे गाँव में,जहाँ पहले स्वास्थ्य सेवाएं नहीं थीं, वहाँ एक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना से न केवल बीमारियों का बेहतर प्रबंधन हुआ, बल्कि लोगों की जीवन गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही शांति भी गरीबी से मुक्ति का एक अनिवार्य घटक है। एक शांतिपूर्ण समाज में,व्यक्तियों, परिवारों और समाज को अपनी क्षमताओं को विकसित करने और आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के बेहतर अवसरप्राप्त होता है। जिस समाज में हिंसा और अशांति होती हैउसमें सतत विकास की संभावनाएं घट जाती हैं और गरीबी बढ़ती जाती है। फलतः, शांति को बढ़ावा देना और आपसी संघर्षों को कम करना गरीबी से मुक्ति के लिए अनिवार्य है। गरीबी को मिटाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और शांति के साथ–साथ पर्यावरण का संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरणीय स्थिरता से हमारे संसाधन सुरक्षित रहते हैं, जो कि सतत आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिकीय विकास और लोगों के कल्याण में मौलिक भूमिका निभाते हैं। जब पर्यावरण संरक्षित होता है, तो यह खाद्य सुरक्षा में योगदान देता है,प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करता है,और स्वच्छ जल,वायुऔर मृदाप्रदान करता है। इस प्रकार,पर्यावरणीय स्थिरता प्राकृतिक पारिस्थितिकीय तंत्रोंके साथ ही मानव समाज के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिरता के लिए भी अनिवार्य है। इसलिए,गरीबी उन्मूलन की हमारी रणनीतियों में पर्यावरणीय संरक्षण को भी प्रमुख स्थान देना चाहिए। प्राकृतिक जलवायु समाधान जिसमें कार्बन पृथक्करण और संचय, जैव–विविधता का संरक्षण, और आजीविका में सुधार शामिल हैं, एक ऐसा रास्ता देते हैं जो गरीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक संसाधनों का सुदृढीकरण भी करते हैं।

> **शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य भी गरीबी से मुक्ति का एक अनिवार्य साधन है। बीमारियों से मुक्त एक स्वस्थ व्यक्ति अपने कार्य में अधिक सक्षम होता है और तुलनात्मक रूप से अधिक आय अर्जित कर सकता है। इसके उलट, एक बीमार व्यक्ति अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर सकता, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति दुष्प्रभावित होती है।**

इन चारों स्तंभों – शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण – को सदृढ़ करने से ही गरीबी के चक्र को तोड़ा जा सकता है और एक समृद्ध समाज की नींव रखी जा सकती है। इसके लिए आवश्यक है कि सरकारें और समाज के सभी वर्ग इन क्षेत्रों में प्राथमिकता से निवेश करें। इन मूलभूत कारकों को सम्हाली बिना गरीबी के विरुद्ध एक प्रभावी और निर्णायक लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती। यदि एक देश अपने बच्चों और नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा, और शांतिपूर्ण जीवन नहीं दे सकता, तो वास्तव में उसके पास देने के लिए और क्या बचता है? ये सभी तत्व न केवल एक समृद्ध समाज की नींव हैं,बल्कि ये हर व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण हैं। एक व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के रूप मेंहमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हम इन मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करें और अपने नागरिकों को एक सुरक्षित, स्वस्थ, और शिक्षित भविष्य प्रदान करें। इसी विश्वास के साथ हम एक श्रृंखलाबद्ध विश्लेषण प्रारम्भ कर रहे हैं कि यह ज्ञान व्यक्तियों,परिवारों समाज और सरकारों को गरीबी उन्मूलन के लिए एक नवाचारी और प्रमाण–आधारित दिशा प्रदान करेगा। यदि हमारा देश अपने नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा और शांतिपूर्ण जीवन प्रदान करने में सफल होता है, तो यह व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता को तो बढ़ाएगा ही साथ ही समाज के समग्र विकास को भी सुनिश्चित करेगा। इन मूलभूत कारकों को ध्यान रखकर तय की गई प्राथमिकता ही वह आधार है जिस पर एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है। इस विश्लेषण में हम आने वाले समय में यह स्पष्ट करेंगे कि कैसे शिक्षा नागरिकों को नई तकनीकें और विचार सीखने में मदद कर सकती है,स्वास्थ्य सेवाएं कैसे उन्हें अधिक उत्पादक बना सकती हैं,पर्यावरणीय संरक्षण कैसे संसाधनों की रक्षा कर सकता है और शांति कैसे हमारे समाज को अधिक सहयोगी और सद्भावपूर्ण बना सकती है। हम उम्मीद करते हैं कि इस विश्लेषण के माध्यम से प्राप्तनिष्कर्ष समाज और सरकारों को इन क्षेत्रों में नीतियाँ और कार्यक्रम विकसित करने के लिए प्रेरित करेंगे,जिससे गरीबी कम होने के साथ ही देश की समठा प्रगति भी सुनिश्चित होगी। हम इस श्रृंखलाबद्ध विश्लेषण को इस आशा और विश्वास के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं कि यह ज्ञान, गरीबी को मिटाने के लिए समाज और सरकारों को एक नई दिशा देगा। जब एक देश अपने बच्चों और नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा, और शांतिपूर्ण जीवन प्रदान करने में सफल होता है, तो यह न केवल व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है बल्कि समाज के समठा विकास को भी सुनिश्चित करता है। ये सभी तत्व एक समृद्ध समाज की नींव हैं और हर व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण हैं।इससे न केवल हमारे देश की समठा उन्नित सुनिश्चित होगी, बल्कि यह हमारे नागरिकों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और सक्षम बनाने में भी मदद करेगा। यह आवश्यक है कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, और शांति के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दें और इन्हें अपनी राष्ट्रीय नीतियों का केंद्र बिंदु बनाएं। इस प्रकार, हम एक ऐसे भविष्य की ओर अठासर होंगे जहाँ हर नागरिक के पास अपनी पूर्ण क्षमता को प्राप्त करने का अवसर होगा।हम इस बात को समझते हैं कि गरीबी एक जटिल समस्या है जिसका समाधान एक क्षेत्र में कार्य करने से नहीं, अपितु एक समन्वित और समठा दृष्टिकोण से ही हो सकता है। इसलिएहमारी श्रृंखला विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के विचारों और अनुभवों को साझा करेगी, और शोध–आधारित विचारों को आगे लायेगी, जिससे नवाचार और सुधार के लिए प्रेरणा मिल सके।अंत में, हम आशा करते हैं कि यह श्रृंखला न केवल जागरूकता बढ़ाएगी बल्कि समाज और सरकारों को उन नीतियों और कार्यक्रमों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी जो वास्तव में गरीबी को कम करने और हमारे देश को एक समृद्ध भविष्य की ओर ले जाने में सहायक होंगे।

**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान सहित अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंगप्रोफेसर )**

**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# सरकार ने समझा जल स्त्रोतों का महत्व

## मुख्यमंत्री की दूरदर्शी पहलः वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान



नवधा परदेशी

**मरुधरा** के दक्षिण छोर पर बसा प्रतापगढ़ जिला अपनी सांस्कृतिक विरासत के साथ–साथ प्राकृति के सम्पदा व जल स्त्रोतोंमें भी सुसमृद्ध है। इस जनजातीय क्षेत्र की जीवन रेखा है जाखम बाँध। जाखम सिर्फ पानी का भंडार नहीं, बल्कि प्रतापगढ़ के सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक जीवन से जुड़ा हुआ बहुमूल्य संसाधन भी है।

जल स्त्रोत सिर्फ ग्रामीण भारत के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण देश के लिए आधार हैं। बढ़ते शहरीकरण, घटती वर्षा और गिरते भूजल स्तर ने जल संकट को एक गंभीर चुनौती बना दिया है। ऐसे समय में यह आवश्यक हो गया है कि हम पारंपरिक जल स्त्रोतों की ओर लौटें, वर्षा जल का संरक्षण करें और जनसहभागिता के साथ जल संरक्षण के लिए प्रयासों को मजबूत करें। इसी दिशा में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा शुरू किया गया "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान" एक दूरदर्शी पहल है। यह अभियान केवल सरकार का अभियान नहीं, बल्कि जन–जन को जागरूक और प्रेरित करने का एक सामूहिक प्रयास है। इसका उद्देश्य स्पष्ट है – जल स्त्रोतों का संरक्षण, भूजल स्तर का पुनर्जीवन और एक ऐसे भविष्य की नींव रखना जहाँ हर बूँद का मूल्य समझा जाए। जल संरक्षण अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुका है। जाखम बाँध जैसे उदाहरण हमें सिखाते हैं कि जब हम जल को बचाते हैं, तो हम जीवन को बचाते हैं। "वंदे गंगा" जैसे अभियानों से यह विश्वास जागता है कि सामूहिक प्रयासों से बदलाव संभव है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में जहाँ करोड़ों लोग खेती पर निर्भर हैं, जल स्त्रोतों की उपलब्धता ही फसल का जीवन तय करती है। दुःख की बात यह है कि आधुनिक विकास के नाम पर हमने इन स्त्रोतों की अनदेखी की है। अंधाधुंध दोहन, शहरीकरण और लापरवाह जल प्रबंधन ने इन जीवनदायिनी संरचनाओं को संकट में डाल दिया है। भूमिगत जलस्तर गिरता जा रहा है, प्राकृतिक जलाशय सिकुड़ते जा रहे हैं और जलवायु परिवर्तन इस संकट को और भी गहरा बना रहा है। जल के बिना जीवन की कोई कल्पना नहीं – यह सिर्फ एक कथन नहीं, बल्कि सच्चाई है। राजस्थान सरकार ने समझा कि यह आज ज़रूरत है कि हम सभी इस दिशा में आगे आएं – सरकार, समाज और हर व्यक्ति – ताकि अगली पीढ़ी को जल की कमी नहीं, शुद्ध और साफ़ जल का उपहार मिले। क्योंकि जल है, तभी कल है।

> ■ **समृद्ध वन व हरियाली के बीच खुशहाली का प्रतीक है, विकास की गंगा-जाखम बांध**

जनजाति क्षेत्र में हज़ारों लोगों को लाभान्वित कर रहा जाखम बाँधः कांठल की जीवन रेखा पक्षियों की आवाज, पर्वतों का फैलाव, मानसून में बादलों की अद्वितीय छाया के बीच जाखम बांध एक विहंगम दृश्य प्रस्तुत करता है।

कांठल प्रदेश में घने जंगलों और इसके किनारों पर असंख्य झाड़ियों के साथ बारहमासी जाखम नदी सीतामाता अभयारण्य और कांठल क्षेत्र की जीवन रेखा है। बांध क्षेत्र की एक प्रमुख सिंचाई परियोजना है। जाखम सिंचाई परियोजना राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में स्थित एक प्रमुख जल परियोजना है, जो जाखम नदी पर निर्मित की गई है। इसका निर्माण 1010 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले जलठाहण क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए किया गया है। परियोजना का कुल अनुमानित ठॉस स्टोरेज 142.02 मिलियन क्यूबिक मीटर और लाइव स्टोरेज 132.28 मिलियन क्यूबिक मीटर है। यह बांध लगभग 81 मीटर ऊंचा है। यह परियोजना लगभग 28 हज़ार 319 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करती है और औसतन 23 हज़ार 505 हेक्टेयर क्षेत्र को प्रतिवर्ष सिंचित करती है। इसमें दो मुख्य नहरें हैं – बाएं तरफ 39.9 किलोमीटर और दाएं तरफ 34.12 किलोमीटर लंबी – जिनसे क्रमशः 7.53 और 3.54 क्यूमेक्स जल आपूर्ति होती है। परियोजना के अंतर्गत कुल 121 गांवों को लाभ मिलता है, जिनकी कुल अनुमानित जनसंख्या लगभग 1.1 लाख है। इसका महत्त्व देखते हुए बजट 2024–25 में राज्य सरकार ने 3 हज़ार 530 करोड़ रुपये की लागत से जाखम बाँध आधारित वृहद पेयजल परियोजना की घोषणा की है। इस परियोजना के तहत चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद और उदयपुर जैसे ज़िलों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यह परियोजना राजस्थान के दक्षिणी क्षेत्र में जल संकट से निपटने और जनजातीय व ठाामीण आबादी की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

**लेखक परिचय**
**नवधा परदेशी**
**सहा. जनसंपर्क अधिकारी**
**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान**

# फादर्स डे पितृ सम्मान दिवस



डॉ. जे.के. गर्ग

किसी ने पूछा–'वो कौन सी जगह है जहाँ हर गलती, हर जुर्म और हर गुनाह माफ़ हो जाता है? नन्हा बच्चा मुस्कुराया और बोला–'मेरे पापा का दिल।' सच्चाई तो यही है कि हम अपने पापा की छत्र छाया में रह कर कब बडे और युवा हो जाते हैं यह हमको मालूम ही नही हो पाता है। निःसंदेह पापा, पिता, अब्बू, डेडी ही दिन–रात अपने बच्चे के लिए जीते–मरते रहते हैं, उनकी हर इच्छा को पूरा करने वाले के लिये हर सम्भव कोशिश भी करते हैं। पिता के जीवन का एक मात्र काम होता है अपने बेटी–बेटों को जीवन की सारी खुशियाँ देना और उन्हें एक कामयाब एवं योग्य मनुष्य बनाना, वे अपने बच्चों की ख़ुशियों के खातिर खुद की सारी खुशियाँओ को छोड़ देते हैं, खुद अभाव और तकलीफ में रह कर अपने बच्चों को सुख–सुविधाओं के समस्त साधन उपलब्ध करवातें हैं। बच्चों के लालन–पालन, परवरिश, शिक्षा आदि में माँ के योगदान के साथ–साथ पिता का योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता है। वास्तिवकता तो यही है कि पिता ही बालक के लिये एक सच्चा दोस्त, पथ प्रदर्शक, गाइड, रोलमोडल एवं गुरु भी होता है। हर पिता अपने बेटे–बेटियों को जीवन में आने वाली बाधाओं का सामना करने के काबिल बनाता है और उनकी शिक्षा के लिये भरपूर प्रयास करता है। पिता ही अपने बच्चों को अच्छे–बुरे का भेद समझाता है। किसी ने सही ही कहा है कि 'पिता भगवान् के दुवारा भेजे गये धरती पर देव दूत ही होते हैं'। हमारे वेद, पुराण, दर्शनशास्त्र, स्मृतियां, महाकाव्य, उपनिषद आदि सब माता–पिता की अपार महिमा के गुणगान से भरे पड़े हैं।

असंख्य ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों, पंडितों, महात्माओं, विद्वानों, दर्शन शास्त्रियों, साहित्यकारों और कलाकारों ने भी माता–पिता के प्रति पैदा होने वाली अनुभूतियों को कलमबद्ध करने का भरसक प्रयास किया है। सच्चाई तो यही है कि–"त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव। त्वमेव विद्या च द्रविणम त्वमेव, त्वमेव सर्वमम देव देवः।"

हमारी संस्क्रति में तीन प्रकार के ऋण यानि राष्ट्रऋण, पित्रऋण और गुरु ऋण का उल्लेख किया जाता है एवं हर इन्सान से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने सुकृत्यों से इन तीनों ऋण से ऊऋण होने का भरपूर प्रयास करें। सच्चाई तो यही है कि बच्चें अपने पिताजी के कर्ज से अपने आपको कभी भी मुक्त नहीं कर सकते हैं। हम सभी को पित्रऋण को चुकाने के लिये हर मुमकिन कोशिश करनी चाहिए तथा अपने पिताजी की सुख–सुविधाओं का ध्यान रख उनकी देख भाल करनी चाहिए।

फादर्स डे या पितृ सम्मान दिवस मात्र पिताजी का ही नहीं वरन दादाजी, नानाजी, पड दादी–दादाजी, पड नानी–नााजी एवं समस्त पितृ तुल्य स्वजनों, मित्रों एवम् समस्त परिचितों के प्रति सम्मान–आदर व्यक्त करने का दिवस है। दुनियांभर में फादर्स डे पर सभी वर्गों के स्त्री–पुरुष यानि युवक–युवतियां, बेटे–बेटियां, प्रोढ़ स्त्री–पुरुष अपने बुजुर्ग पिता और समस्त पितृ तुल्यों के प्रति उनकी सेवाओं, योगदान, मार्गदर्शन को याद कर अपना आभार और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

फादर्स डे पर स्वजन अपने पिताजी एवम् पितृ तुल्य व्यक्तियों को बाहर सैर सपाटे के लिये ले जाते हैं तथा उनके साथ समय बिता कर उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि आप अकेले नहीं हैं हम सभी बच्चें आपके साथ है तथा आपकी सेवा सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। फादर्स डे पर बच्चें, चाहे वे कहीं भी हो उन्हें उपहार भेज कर इस बात की शपथ लेते हैं कि वे सभी उनके प्रति अपने सभी कर्तव्यों को जीवन पर्यन्त पुरी निष्ठा के साथ पूरा करेगें। मुझे कई बार अमेरिका जाने का अवसर मिला है वहां पर भारतीय समुदाय फादर्स डे पर विशाल स्तर पर पिकनिक का आयोजन करता हैं एवं इस पिकनिक में सभी पुरुष वर्ग के बुजुर्गों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद कर उनके प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं, इस अवसर पिता एवम् पितृतुल्य व्यक्तियों के चेहरों पर आई मुस्कान जहाँ उन्हें आत्मसंतोष तो देती है वहीं उनको युवाओं के समान स्फूर्ति भी प्रदान करती हैं। मुझे कई बार अमेरिका जाने का अवसर मिला है वहां पर भारतीय समुदाय फादर्स डे पर विशाल स्तर पर पिकनिक का आयोजन करता हैं एवं इस पिकनिक में सभी पुरुष वर्ग के बुजुर्गों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद कर उनके प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं, इस अवसर पिता एवम् पितृतुल्य व्यक्तियों के चेहरों पर आई मुस्कान जहाँ उन्हें आत्मसंतोष तो देती है वहीं उनको युवाओं के समान स्फूर्ति भी प्रदान करती हैं।

फादर्स डे मनाने के बारे में मार्मिक कहानी है। 1909 में व्याय.एम.सी.ए स्पोकेन– वाशिंगटन की निवासी सोनोरा स्मार्ट दोद्द ने मदर्स डे के बारे में सुना था।सोनोरा स्मार्ट दोद्द अपने पिताजी का ह्रदय से सम्मान करती थी, क्योंकि उसके पिताजी ने अकेले ही उसके 6 भाई–बहिनों का लालन–पालन किया था। अपने पिताजी के प्रति आदर सम्मान को व्यक्त करने हेतु सोनोरा स्मार्ट दोद्द भी मदर्स डे के समान फादर्स डे मनाना चाहती थी इसीलिये उसने अपने मन की बात अपने मित्रों एवं स्वजनों के सामने प्रकट करते हुए मदर्स डे के समान ही फादर्स डे को मनाने का विचार प्रस्तुत किया।इस सम्बंध में सोनोरा स्मार्ट दोद्द ने अपने शहर के स्थानीय पादरी से मदर्स डे के समान फादर्स डे को आयोजित करवाने की प्राथना की, जिसे कुछ समय बाद पादरी महोदय ने स्वीकार कर लिया। पादरी महोदय के सरमन की अनुपालना में 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे बनाया गया। इसी परम्परा के अनुसार प्रति वर्ष जून महिने के तीसरे रविवार को अमेरिका एवम् कई अन्य देशों में फादर्स डे बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। पिछले कई सालों से विदेशो के साथ–साथ भारत में भी खासकर युवा वर्ग फादर्स डे को धूमधाम से मनाने लगा है।

प्रति वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को संसार के विभिन्न देशों में फादर्स डे मनाया जाता है। 15 जून 2025 को फार्दस डे मनाया जाएगा। वास्तव में किसी ने सही कहा है पापा सबसे स्पेशल हैं क्योंकि जब कभी हमें तकलीफ होती है तो वो हमारा हाथ पकड़ कर हमें सहारा देते हैं एवं हिम्मत देते हैं,जब कभी हम जानें–अनजाने में नियमों का उल्ल्घन करते हैं तो वे हमें डाटते–फटकारते हैं, जब कभी हमें सफलता मिलती है उस क्षण गर्व से उनका सीना 56 इंच चोडा हो जाता है एवं उनका चेहरा चमक उठता है। हमारी भारतीय संस्कृति के अंदर हम को प्रत्येक अच्छी चीज या आदत अथवा गुण को स्वीकार करने को कहा गया जो समय कुल हो और उन पुरानी प्रथाओं को त्यागने की सलाह दी जाती जो सर्व हित में नहीं हो। अत फादर्स डे या पितृ सम्मान दिवस को जो चाहे पश्चिमी देशों से आया हो, को अपनाने और समस्त वर्द्ध अशक्त पिता, दादा, नाना–नानी और आसपास के वृद्धजनों का सम्मान करने एवं उनकी देखभाल करने और उनकी जिंदगी को खुशहाल बनाने की परम्परा को अपनाना ही चाहिये।

आईये आज फादर्स डे पर हम सभी संकल्प लें कि–'हम अपने आप को पिता के प्रेम के योग्य बनायेंगे।

# विश्व रक्तदान दिवस पर 62 जनों ने रक्तदान किया

> ■ **एक दर्जन से अधिक पिता-पुत्री एवं पति-पत्नी ने किया रक्तदान**

**हिंडौन सिटी।** भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी एवम् जिला चिकित्सालय, हिण्डौन सिटी के संयुक्त तत्वाधान में निर्मल ए ठ्रुप ऑफ इंस्टीट्ययूशन्स, हिण्डौन सिटी के सहयोग से जिला चिकित्सालय परिसर में "विश्व रक्तदाता दिवस" के अवसर पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में भीषण गर्मी के बावजूद 62 जनों ने रक्तदान किया। शिविर में पिता – पुत्री, पति – पत्नी के अलावा 12 जनों ने प्रथम बार रक्तदान किया। शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल ने बताया कि शिविर को मुख्य अतिथि हिण्डौन उपजिला कलैक्टर हेमराज गुर्जर, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ पुष्पेन्द्र गुप्ता, शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता एवम् भामाशाह मनीष चौधरी ने भारत माता एवम् स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रपट पर माल्यार्पण एवम् दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगीत से विधिवत् आरम्भ किया। उपजिला कलैक्टर श्री गुर्जर ने मौसम के कठोर मिजाज़ की परवाह न कर परिषद् व जिला चिकित्सालय के शिविर आयोजित करने एवम् रक्तदाताओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान करने को सच्ची मानवसेवा बताते हुए इसकी सराहना की। उदघाट्न सत्र समाप्ति में गुजरात में विमान दुर्घटना में हुई लोगों की जनहानि पर दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजलि दी।

कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय प्रभारी पंकज जैन ने किया। रक्तदान प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि परिषद् एवम् जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में भीषण गर्मी के बावजूद भी खासा जोश रहा। शिविर में मुक्ता अठावाल प्रथम रक्तदान बनी। वहीं मोनिका पत्नी डॉ बृजेश चौधरी, मुक्ता अठावाल पत्नी अनिल सिंघल, कनिका अठावाल पुत्री विनोद अठावाल ने साथ में रक्तदान किया। शिविर में 12 रक्तदाताओं ने प्रथम बार रक्तदान किया। शिविर में कुल 62 यूनिट रक्त संठाहण हुआ इसमें जयपुरिया अस्पताल, जयपुर ने 43 एवम् जिला चिकित्सालय, करौली ब्लड बैंक ने 19 यूनिट रक्त संठाहण किया। हिण्डौन, जिला चिकित्सालय के ब्लड स्टोरेज को जयपुरिया अस्पताल, जयपुर ने वक्त ज़रूरत हेतु आज 30 यूनिट रक्त उपलब्ध कराते हुए मदर ब्लड बैंक की भूमिका निभाई। प्रांतीय सेवा गतिविधि संयोजक देवेन्द्र शर्मा ने शिविर में रक्तदान करते हुए बताया कि परिषद् का रक्तदान शिविर आयोजित करने का मूल उद्देश्य रक्तदान के प्रति लोगों में बनी भय, भ्रम, भ्रांतियों को दूर कर उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित करना है, उन्होंने प्रचण्ड गर्मी में पति – पत्नी, पिता – पुत्री एवम् प्रथम बार रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं की सराहना की। हिण्डौन शहर भाजपा मण्डल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी एवम् अन्य लोगों ने रक्तदान के प्रति रक्तदाताओं के जोश को देखते हुए संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की प्रशंसा की।

## राशिफल रविवार 15 जून, 2025



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, श्रवण नक्षत्र दिन 3:51 तक, ऐन्द्रयन योग सायं 4:48 तक, बालव करण दिन 3:51 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–मकर, मंगल–सिंह, बुध–मिथुन, गुरू–मिथुन, शुक्र–मेष, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज आषाढ़ संक्राति, राजस संक्राति है। सूर्य मिथुन में प्रातः 6:44 पर प्रवेश करेगा। पुण्य काल प्रातः 6:44 से दिन 12:39 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:19 से 9:01 तक, लाभ अमृत 9:01 से 12:36 तक, शुभ 2:09 से 3:52 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:36, सूर्यास्त 7:17

### मेष

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आज महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### वृष

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### मिथुन


चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है।

### कर्क

परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### सिंह

स्वास्थ्य ठीक रहेगा। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### कन्या

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संपर्क बनेंगे।

### तुला

घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### वृश्चिक

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये–पुराने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### धनु

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता संभव है। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संपर्क बनेंगे।

### मकर

घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। मनोरंजन के कार्यक्रम बनेंगे। आज परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

### कुंभ

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

### मीन

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक कार्य कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

## संक्षिप्त

### ‘विमान दुर्घटना देश के लिए पीड़ादायक’

**अजमेर ।** वर्द्धमान टॉवर, सुन्दर विलास, अजमेर में शनिवार को प्रातः 10:30 बजे नियमित प्रवचन सभा में महासती पुष्पावती जी म.सा. ने कहा कि यह विमान दुर्घटना सम्पूर्ण देश के लिए पीड़ादायक है। अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी शांत-क्रांति श्रावक संघ, अजमेर द्वारा विमान दुर्घटना में मृतकों को दी गई श्रद्धाजंलि। डॉ. प्रेमसुख सुराणा ने सभी उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं द्वारा 2 लोगस्स के पाठ द्वारा श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। सभी मृतकों की आत्मा जहां कहीं भी हो असीम शांति को प्राप्त हो ऐसी प्रार्थना जिनशासन देव से करते हैं। प्रवचन सभा के अन्त में महासती जी ने मंगल पाठ दिया। प्रचुर संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। महासती पुष्पावती म.सा. का आगामी चातुर्मास वैशाली नगर, अजमेर में होगा।

### कृत्रिम हाथ वितरण शिविर 2 जुलाई को

**अजमेर ।** विशेषजनों का हाथ कोहनी के नीचे से कटा है, उनके लिए राहत भरी खबर है। रोटरी क्लब अजमेर, इनाली फाउंडेशन पुणे और रोटरी क्लब पुणे डाउनटाउन के संयुक्त तत्वाधान व एनएचपीसी लिमिटेड के सीएसआर के सहयोग से आगामी 2 जुलाई को निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ दान शिविर का आयोजन पंचशील स्थित रोटरी क्लब में आयोजित किया जाएगा। शिविर आयोजन को लेकर शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में रोटरी क्लब अजमेर के पदाधिकारी और प्रोजेक्ट चेयरमैन राजीव तोषनीवाल तथा कुलदीप सिंह चौहान ने बताया पंचशील ए ब्लॉक सिटी स्क्वायर मॉल व डीमार्ट के पास राजीव सर्किल स्थित रोटरी क्लब भवन में 2 जुलाई को निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ दान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### एडवोकेट अब्दुल कन्वीनर नियुक्त

**अजमेर, (कासं)।** हर साल मोहर्रम के मौके पर अंदर कोट पंचायत द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाते हैं, जिसको लेकर दी सोसायटी पंचायत अन्दर कोटियांन की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष शामिर खान की अध्यक्षता में पंचायत के कार्यालय में आयोजित हुई। मोहर्रम में होने वाले सभी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई साथ ही वोटिंग प्रक्रिया के आधार पर मोहर्रम कन्वीनर का चयन किया गया, जिसमें तीन दावेदार रहे। इस मौके पर एडवोकेट अब्दुल शाहिद को सर्वाधिक 13 मत प्राप्त हुए, वही आकिल मोहम्मद को 9 और नौशे को एक मत प्राप्त हुआ, जिसके बाद सदर शामिर खान और सेकेट्री शफीक अहमद नवाब ने एडवोकेट अब्दुल शाहिद को मोहर्रम का कनवीनर नियुक्त कर दिया इस अवसर पर एडवोकेट शाहिद ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को आभार प्रकट किया उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है वे पूरी कॉम के साथ मिलकर इसके बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही सभी कार्यक्रमों में प्रशासन का भी सहयोग किया जाएगा।

### पोस्टर का विमोचन

**मदनगंज-किशनगढ, (निस)।** राज ब्राह्मण महासभा किशनगढ़ युवा शाखा कार्यकारिणी की बैठक में किर्केट प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया। अध्यक्ष राजेश शर्मा की सदारत में नेशनल जिम कार्यालय में आहूत बैठक में प्रभारी के रूप में गौतम शर्मा व गोकुल पुरोहित को जिम्मेदारी सौपी गई। खेल प्रभारी जयप्रकाश दाधीच, निखिल काकड़ा, दीपित व्यास ने बताया कि भगवान परशुराम प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में ब्राह्मण समाज के प्रतिभागी ही हिस्सा ले सकेंगे। शुभारंभ 28 जून को सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम इन्द्रानगर में होगा। इस दौरान महासभा संरक्षक चंद्रशेखर शर्मा, जिला महामंत्री सुशील दाधीच तिलोनिया, अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा बड़गांव, मंत्री मनोज दाधीच, कोषाध्यक्ष अरुण शर्मा, हनी उपाध्याय, अरुण, आशुतोष, यश पालीवाल, केशव चतुर्वेदी, हर्ष कुबेरा, निखिल, मोहित शर्मा उपस्थित रहे।

### अस्पताल का मेड़ता विधायक कलरु ने किया निरीक्षण

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** मेड़ता उपजिला अस्पताल का शनिवार को मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरु व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया वही साफ सफाई व्यवस्था को लेकर विधायक कलरु ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए । वही मेड़ता उपखंड अधिकारी पूनम चौधरी व नगरपालिका एईन विकास चौधरी को भी मौका दिखाकर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

# डीडवाना : वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत मीडिया राउंड टेबल आयोजित

- जल संरक्षण में जनभागीदारी एवं जन जागरूकता के लिए मीडिया निभा रहा है महत्त्वपूर्ण भूमिका
- अभियान के तहत सीएसआर कार्यशाला का भी हुआ आयोजन

**डीडवाना**, राज्य सरकार की ओर से जल संरक्षण, संचयन और भूजल स्तर में वृद्धि के उद्देश्य से संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर महेंद्र मीणा की अध्यक्षता में मीडिया राउंड टेबल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जल संरक्षण में आमजन की भागीदारी बढ़ाने और मीडिया की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर महेंद्र मीणा ने जल संरक्षण अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत जिले में परंपरागत जल संरचनाओं जैसे टांके, बावड़ी, और तालाबों का जीर्णोद्धार एवं सफाई कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, अमृत सरोवर, मैजिक पिट, सोख्ता गड्ढा और रिचार्ज सॉफ्ट जैसी आधुनिक जल संरक्षण तकनीकों का भी उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासन के साथ-साथ आमजन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय सहभागिता से जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने और इसमें अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इस अवसर पर जल संठाहण विभाग के अधीक्षण अभियंता बनवारी लाल ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, वर्षा जल संठाहण के लिए जिले में टांकों के निर्माण की जानकारी दी, वहीं कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक शंकराराम बेड़ा ने फार्म पौंड योजना की तथा भू - जल विभाग की हाईड्रोलॉजिस्ट शोभा ने भू - जल स्तर बढ़ाने के उपायों के बारे में बताया। इस अवसर पर सहायक जनसम्पर्क अधिकारी अभिमन्यु सिंह ने बताया कि जिले के मीडिया कर्मियों का इस अभियान में सतत सहयोग रहा है, जिससे जनजागरूकता में वृद्धि हुई है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस अभियान को और प्रभावी बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी बनाए रखें।

इस अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत उद्योग विभाग द्वारा सीएसआर कार्यशाला भी आयोजित की गई। इस दौरान जिला उद्योग अधिकारी हरेंद्र बेनिवाल एवं लवण निरीक्षक धर्मेंद्र नेहरा ने अभियान में जिले के उद्यिमयों की भूमिका के बारे में बताया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर मीणा ने जिले के उद्यिमयों को कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत जल संरक्षण कार्यों एवं स्थानीय जल स्त्रोतों की देखरेख में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### जनेउ संस्कार समारोह 15 जून को

**अजमेर, (कासं)।** सिन्ध सारस्वत ब्राहमण मण्डल संस्थान, अजमेर की ओर से इस वर्ष भी 31 बच्चों का निःशुल्क सामूहिक जनेउ संस्कार (यज्ञोपवीत) समारोह 15 जून को सांई बाबा मन्दिर अजय नगर में आयोजित किया जायेगा। मुख्य संरक्षक पण्डित कन्हैयालाल तुलजाराम शर्मा व अध्यक्ष पण्डित श्यामसुन्दर शर्मा के नेतृत्व में तैयार बैठक कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।

पण्डित राजू शर्मा ने बताया कि समारोह में सन्त महात्माओं के आर्शीवाद से आयोजन होगा। जिसमें ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम के महन्त स्वरूपदास, श्रीराम विश्वधाम के महन्त अर्जुनदास, तुलसी गोविन्दधाम के स्वामी ईसरदास, निर्मलधाम के स्वामी आत्मदास, जतोई दरबार के भाई फतनदास के साथ समाजसेवी नरेन शाहणी भगत, रमेश चेलाणी, कवंलप्रकाश किशनानी, महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, हेमलता लालवाणी, प्रभू लौंगाणी, जयकिशन लख्याणी, जी.डी.वृदांणी, महेश तेजवाणी व जयकिशन पारवाणी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम 15 जून को प्रातः 9.30 बजे से प्रारम्भ होगा, सभी पूजन कार्य दोपहर 12.15 बजे तक सम्पन्न किया जायेगा। संत महात्माओं के आर्शीवाद के पश्चात् गायक चन्द्र भगत की ओर से लाडा संगीत का कार्यक्रम कर समापन किया जायेगा।

### 15 करोड़ की लागत से 33 किलोमीटर सड़के बनेगी

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** विधायक डॉ विकास चौधरी की अनुशंसा पर किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 15 करोड़ की लागत से 33.5 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण होगा। जर्जर हालात में पहुंच चुकी प्रमुख सड़को का नवीनीकरण की स्वीकृति मिलते ही गांववासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। विधायक विकास चौधरी ने बताया की बुहारु से हरमाडा, पाटन से नलू, नसीराबाद हाईवे से टिकावाड़ा, श्रीरामपुरा से खरवड, बजरंग कॉलोनी से कुचिल, बिजंरवाड़ा से भोगादीत, अराई-सिरोंज रोड से खेड़ानोनंदपुरा, मंगरा मोड से कुचील व आकोडिया से मुंडोति तक 15 करोड की लागत से 33.5 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण कराया जायेगा, इसके लिये राज्य सरकार ने स्वीकृति जारी कर दी है। विधायक चौधरी ने बताया की काफी समय से उपरोक्त सड़के मलबे में तब्दील हो चुकी है, जिससे गांव वालों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड रहा था।

# दीक्षांत समारोह 19 जून को, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान होंगे मुख्य अतिथि

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय आगामी 19 जून को विश्वविद्यालय परिसर में 9वें दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह भव्य समारोह 2024 और 2025 बैच के पास-आउट विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का समारोह होगा, जो उनकी अकादमिक यात्रा के समापन और उनके नए पेशेवर एवं शोध कार्यों की शुरुआत का प्रतीक होगा। आपको बता दे इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही है, जिसमे किसी भी प्रकार की कमी नहीं राखी जा रही है।

इस प्रतिष्ठित अवसर पर, मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा मंत्री, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। साथ ही, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार भागीरथ चौधरी इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर आनंद भालेराव करेंगे।

दीक्षांत समारोह से पूर्व शिक्षा मंत्री के द्वारा विश्वविद्यालय के नैक कक्ष, छात्रावास भोजनालय एवं नायक जदुनाथ सिंह अकादमिक भवन का लोकार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थी छात्रावास, विश्वविद्यालय मुख्य द्वार, आंतरिक खेल संकुल, एथेलेटिक्स ट्रैक, छात्रावास भोजनालय और केंद्रीय विद्यालय भवन का शिलान्यास भी शिक्षा मंत्री द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, अपने-अपने कार्यक्रमों में सर्वोच्च सीजीपीए प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

आगामी दीक्षांत समारोह पर अपने विचार साझा करते हुए, कुलपति, प्रो. आनंद भालेराव ने कहा कि राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय का यह 9 वाँ दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। इस दीक्षांत समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे हैं। यह हमारे विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उत्कर्ष और समर्पित प्रयासों का सम्मान है। साथ ही, हमारे क्षेत्र के सांसद भागीरथ चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की गरिमा बढ़ाएंगे।

यह दीक्षांत समारोह न केवल छात्रों की उपलब्धियों का उत्सव होगा, बल्कि भविष्य के नेताओं, वैज्ञानिकों, उद्यमियों और शिक्षाविदों के निर्माण में विश्वविद्यालय की भूमिका को भी प्रदर्शित करेगा। इस आयोजन में प्रतिष्ठित अतिथियों, विश्वविद्यालय के सम्मानित संकाय सदस्यों, गर्वित माता-पिता और विद्यार्थियों की उपस्थिति इसे एक अविस्मरणीय अवसर बनाएगी।

### अब क्रिश्चियनगंज नहीं, कृष्णा गंज

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर में ऐतिहासिक और प्रशासनिक पहचान बदलने की मुहिम के तहत क्रिश्चियनगंज क्षेत्र का नाम अब कृष्णा गंज किया जा रहा है। अजमेर उत्तर के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के नेतृत्व में गुलामी के प्रतीकों को हटाने की इस पहल के तहत सबसे पहले क्षेत्र के पुलिस स्टेशन के पते को कृष्णा गंज किया गया है। राज्य के गृह विभाग ने इस परिवर्तन पर सहमति प्रदान कर दी है और नाम बदलाव की प्रशासनिक प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। आगामी दिनों में क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों के पते कृष्णा गंज से संबोधित किए जाएंगे। इससे पूर्व शहर के कई स्थलों और इमारतों के नामों में भी बदलाव किया गया। प्रमुख रूप से फॉयसागर को वरूण सागर झील, होटल खादिम को अजयमेरू, होटल केईएम को स्वामी दयानंद विश्रांति गृह और एलिवेटेड रोड का नाम रामसेतु रखा गया।

देवनानी ने पुष्कर घाटी में ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने, ई-रिक्शा व ऑटो संचालन पर सख्ती और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए। इसी क्रम में नगर निगम गांधी भवन में निशुल्क ई-लाइब्रेरी स्थापित करने के आदेश भी दिए, जिससे विद्यार्थियों को निजी लाइब्रेरी के शोषण से मुक्ति मिलेगी। अजमेर विकास प्राधिकरण को जयपुर रोड पर एंट्री गेट निर्माण का भी निर्देश दिया गया है। देवनानी ने कहा कि वे अजमेर के सर्वांगीण विकास और पारदर्शी प्रशासन के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके निवास स्थान पर नागरिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक अपनी समस्याओं और सुझाव लेकर पहुंच सकते हैं।

# प्रधानमंत्री धरती आबा जनजतीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

**भीलवाड़ा।** ‘‘प्रधानमंत्री धरती आबा जनजतीय ग्राम उत्कर्ष अभियान’’ के अंतर्गत जिले में अन्त्योदय मिशन डाटा में चयनित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के 141 गांवों में 17 विभागो से संबंधित 25 गतिविधियों के लिए दिनांक 15 जून रविवार से 30 जून सोमवार तक संबंधित गांवो के ठााम पंचायत मुख्यालय पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान करना है।

इस अभियान के सफल आयोजन के लिए जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा संबंधित योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। अभियान के दौरान 17 विभागों से संबंधित 25 गतिविधियों के सम्मिलन से क्रियान्वयन हेतु पंचायतीराज विभाग के साथ ही पेयजल, विद्युत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, कौशल एवं आजीविका विकास विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग आदि के नोडल अधिकारी भी विभागीय योजनाओं की प्रचार सामठाी के साथ विभागीय योजनाओं में कैंप स्थल पर लाभान्वित करने के लिए उपस्थित रहेगें। अभियान के दौरान शिविर में आधार कार्ड एवं ई मित्र संचालक की मय संसाधन उपलब्धता, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड (-), किसान क्रेडिट कार्ड, जनधन खाता एवं बीमा योजना ( , ) सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, रोजगार एवं आजीविका योजना मनरेगा, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुद्रा लोन, महिला एवं बाल विकास , , कार्य को प्राथमिकता देते हुये उक्त गांवों के वंचितो को इन योजनाओं में लाभान्वित किया जावेगा। इस दौरान प्रत्येक चयनित ठााम पंचायत द्वारा शिविर स्थल पर पेयजल, टेंट, कुर्सी, इंटरनेट, बिजली आदि व्यवस्थाएं की जाएगी तथा रिपोर्टिंग संबंधित अधिकारियों को की जाएगी।

शिविरों की निगरानी ठााम विकास अधिकारी द्वारा की जाएगी और सभी कार्यक्रमों का फोटोठााफ व वीडियोठााफ सुनिश्चित कर अपलोड किया जाएगा। इसके लिए निर्धारित पोर्टल का उपयोग करना होगा। सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे जो शिविरों के आयोजन व क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालेंगे। साथ ही संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे विभागीय योजनाओं की जानकारी और आवश्यक संसाधनों के साथ शिविर स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**अजमेर, (कासं)।** राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा ने देशभर में मुसलमानों पर बढ़ती मॉबलिंचिंग, मस्जिदों- मदरसों पर बुल्डोजर कार्रवाई और वक्फ संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में शनिवार को राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर लोक बंधु को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने इन घटनाओं को संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले एक दशक में केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा मुसलमानों के खिलाफ अन्याय और उत्पीडन की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। फर्जी गौकशी, लव जिहाद के नाम पर मॉबलिंचिंग, पुलिस कस्टडी में मौतें, धार्मिक स्थलों व बस्तियों पर बुल्डोजर चलाने जैसी घटनाएं चिंता का विषय हैं। संगठन ने यूपी, झारखंड और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों की हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए प्रशासनिक निष्क्रियता और सांप्रदायिक पूर्वाग्रह का आरोप लगाया है। ज्ञापन में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को भी संविधान की मूल भावना के खिलाफ बताया गया। मोर्चा ने दावा किया कि यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 14, 25 और 26 का उल्लंघन करता है।

## पुलिस महानिदेशक के जन्म दिवस पर शीतल पेय वितरण

**ब्यावर( निसं )** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा को राजस्थान पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यभार मिलने के साथ 13 जून को उनके 60वे जन्म दिवस के उपलक्ष मे चांग गेट गेट पर शरबत वितरण कर तपती गर्मी में राहगीरों को राहत प्रदान करने का कार्य किया। चिराग मेघवाल के अनुसार डॉ. रविप्रकाश मेहरडा की पदोन्नित व जन्मोत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल से ही कैरी पान के शरबत वितरण से जन्म दिवस पर सेवा कार्य किए गए तथा दीर्घायु होने की कामना की गयी।इस अवसर पर चिराग मेघवाल,ईश्वर शरण तंवर, सुरमारम कतिरिया, गुरुशरण गोयल, शशिकान्त, अर्जुनराम दूखाड़िया, विनोद मिण्डल, सोनू चौहान, हरिराम कडेला, भरतराम डामर, नरेन्द्र ट्रेडिया, किशन देवडा, कमलेश भाटी, मुकेश सामरिया, लखन सांखला, बाबूलाल गूजरिया, लक्ष्मण हाटेला, एड सुरेन्द्र चणिया, सोनू मेघवाल, रवि , ओमप्रकाश, गोलू सांखला , हेमन्त सिसोदिया, रूपन उत्तमचन्दानी, एड विष्णु खड़िया, लोकेश धोधावत, रोहित, भजन गुर्जर, महेन्द्र जलवाना, राकेश मेघवाल, नेमाराम मेहरा, ओमप्रकाश बरवङ, नरेश बरवङ, अमर चन्द बरवङ, जीतु पन्नू, सुरेश चन्द धोधावत, जसराज शर्मा, बलवन्त सिंह सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।

# जल है तो जीवन है के संकल्प के साथ शहरवासियों ने श्रमदान किया

**अजमेर, (कासं)।** वंदे गंगाजल संरक्षण अभियान के तहत अजमेर शहर जिला भाजपा के आ ान पर शनिवार सुबह ऐतिहासिक आनासागर झील के पुनर्जीवन और संरक्षण के लिए जन सहयोग के अंतर्गत शहरवासियों ने श्रमदान कार्यक्रम में हिस्सा लेकर झील से मिट्टी हटाने का काम शुरू हुआ।

देवनारायण मंदिर के निकट झील तट पर सुबह 6:30 बजे से अभियान की शुरुआत विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पूजा-अर्चना कर की। अभियान के तहत झील को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए श्रमदान किया गया।

अभियान के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, महापौर बृजलता हाड़ा, कलेक्टर लोकबंधु, भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, पार्षद, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों, जेएलएन अस्पताल की नर्सिंग छात्राओं सहित सैकड़ों नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर देवनानी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के तहत ही अजमेर की आनासागर झील में लगभग 40 वर्षों के बाद सफाई एवं जल संरक्षण का इतना व्यापक अभियान शुरू हुआ है।

उन्होंने कहा कि जल है तो जीवन है, जल हमारा भविष्य है। उन्होंने सभी नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और प्रशासन को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपील भी की। देवनानी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि झील में किसी भी प्रकार का कचरा न फेंकें, झील को देवता मानकर इसकी पूजा करें और इसके संरक्षण में सहभागी बनें। उन्होंने विशेष कहा कि जल स्रोतों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें और न ही होने दें। अगर हम सब मिलकर यह संकल्प लें तो न केवल आनासागर बल्कि अजमेर की अन्य झीलें भी सुरक्षित रहेंगी और लंबे समय तक अजमेर पर्यटन के मानचित्र पर अपनी पहचान बनाए रखेंगी।

**अभियान में जनसहभागिता जरूरी :** केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने अभियान से जुडकर झील की सफाई में श्रमदान किया। उन्होंने अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने का आ ान करते हुए कहा कि जब तक आमजन जागरूक नहीं होंगे, तब तक जल स्रोतों की रक्षा संभव नहीं है। ऐसे अभियान तभी सफल होंगे, जब जनसहभागीता होगी। इस अवसर पर महापौर बृजलता हाड़ा, कलेक्टर लोकबंधु और शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने भी अपने विचार रखे।

**बच्चे और बुजुर्गों ने दिखाया उत्साह:** श्रमदान अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए। अभियान में शहरवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। साथ ही सरकारी कार्यालयों, सामाजिक संस्थाओं,कोचिंग सेंटर,कॉलेज, स्कूल, व्यापारिक संगठनों और आमजन से झील के संरक्षण एवं स्वच्छता के अभियान में भागीदारी का आग्रह किया गया। अभियान के तहत बच्चे से लेकर बुजुर्गों ने भी उत्साह के साथ श्रमदान किया। जेएलएन अस्पताल की नर्सिंग छात्राओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों, पार्षदों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। वक्ताओं ने जल संरक्षण और प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आओ-आओ साथ चलें, आनासागर को साफ करें के नारे के साथ इस अभियान को सफल बनाने का आ ान किया।

## सार-समाचार

### अवैध शराब की ब्रिकी से शांति व्यवस्था भंग

**भीलवाड़ा।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र के लिरडीया ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले लिरडीया गाँव में अवैध शराब की बिक्री ने आम जनजीवन को परेशान कर दिया है। महिलाओं के अनुसार, नारायण सिंह पुत्र नरवर सिंह, जो कि लिरडीया गाँव का ही निवासी है, आबादी क्षेत्र में और विद्यालय से मात्र 200 मीटर की दूरी पर अवैध रूप से शराब की दुकान संचालित कर रहा है। बाल महिला विकास सखी सेंटर संचालिका रंजना पुरोहित एवं स्थानीय महिलाओं का कहना है कि यह दुकान देर रात 11 से 12 बजे तक खुली रहती है, जहाँ शराब पीने वाले न केवल अश्लील गालियाँ देते हैं, बल्कि गाँव की शांति व्यवस्था भी भंग कर रहे हैं। स्कूल के छात्र और महिलाएं इस वजह से असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। महिलाओं के लिए रात के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं, गाँव के अंदर ही कुछ लोगों द्वारा अवैध शराब की दुकान संचालित होने से ईट भट्टो पर मजदूरी करने वाले दिन में भी यूपी बिहार के मजदूर लोग शराब का सेवन कर निर्वस्त होकर पडे रहते है और अश्लील गालियां देते रहते है । इससे स्कूली बच्चों और महिलाओं को रस्ते से आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। महिलाओं ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि नारायण सिंह व अन्य अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और गाँव की महिलाओं एवं छात्रों को राहत दिलाई जाए। वैसे ठाामीण क्षेत्र में बाहुबलियों द्वारा बिना लाइसेंस की दुकानें संचालित की जा रही है उसके बाद भी आबकारी ओर पुलिस प्रशासन की चुप्पी कई सवालों को खडा कर रही हैं।

### फुलवारी का सचिव प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

**ब्यावर (निसं)** स्थानीय संघ जवाजा के प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर ताराचंद जांगिड ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर द्वारा 13 से 17 जून तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र आबू पर्वत में आयोजित होगा। सचिव व संयुक्त सचिव प्रशिक्षण शिविर में रा उ मा विद्यालय, रूपनगर अरनाली के स्काउटर व स्थानीय संघ जवाजा सचिव सुरेश चन्द फुलवारी का चयन हुआ है जो इस प्रशिक्षण में भाग लेकर स्काटिंग गतिविधि को आगे बढ़ाऐंगे । इस शिविर में यह स्काउटिंग के पाठ्यक्रम आदि में हुए परिवर्तन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।इस अवसर सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान,पूर्व सचिव रामचन्द्र शर्मा,मसूदा सचिव मोहन सिंह चौहान,रतन सिंह चौहान,बलराज सिंह राठौड़,मुरली मनोहर जाटव,मनीष जनागल, रामकिशोर सालोदिया,सुमित फौजदार,विशाल दीप उदय, बनवारी लाल बैरवा,गजानंद सेन,चंपालाल नागर, रूपकला शर्मा,मधुमति,दीपिका सोनगरा,निशा कुमारी,ट्विंकल भाटी,विद्या, राधा चौहान,रेखा जनागल आदि ने शुभकामनाएं दी।

### आगामी नगर परिषद व पंचायत चुनाव को लेकर प्रदेश स्तरीय पदाधिकारीयों की बैठक

**ब्यावर (निसं)** राजस्थान में आगामी निकाय चुनावों की घोषणा होने बाद सभी पार्टियों में राजनीतिक एवं संगठनात्मक हलचल तेज हो चुकी है । इसी के चलते रविवार को आम आदमी पार्टी की ब्यावर इकाई के पदाधिकारियों ने प्रदेशस्तरीय संगठनात्मक विस्तार व आगामी नगर परिषद व पंचायत चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शनिवार को जयपुर में किया गया। बैठक में नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी धीरज टोकस तथा प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने आगामी रूपरेखा रखी। सभी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों, विंगो के पदाधिकारी, लोकसभा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष व जिले के सभी पदाधिकारीयों ने भाग लिया जहां सभी ने अपने विचार रखे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे ‘‘आप की जन अदालत’’ की खासी चर्चा रही। ब्यावर के पदाधिकारियों ने इस प्रोठााम के बारे में सभी आये पदाधिकारियों को अवगत कराया। व पूरे प्रदेश में ऐसी जन अदालत लगाये जाने का आव्हान किया।इस मौके पर आम आदमी पार्टी ब्यावर की ओर से राधावल्लभ माहेश्वरी, शौकीन काठात, खींयाराम सिंगारिया, बाबूलाल सैन, नारायण अठवाल ने भाग लिया।

### मीडिया राउंड टेबल वार्ता

**ब्यावर ( निसं)** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया राउंड टेबल वार्ता का आयोजन किया गया। जिले में चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत द्वारा साझा की गई।डॉ. खडगावत ने बताया कि 5 जून से जल संरक्षण विषयक विभिन्न गतिविधियाँ जिले भर में संचालित की जा रही हैं। मीडिया प्रतिनिधियों को जल संरक्षण के लिए किए जा रहे नवाचारों जैसे भारत उपवन, चारागाह विकास, और पॉलीहाउस खेती जैसे कार्यों की जानकारी दी गई।जिला कलेक्टर ने बताया कि जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में जिला प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। जिले में जल स्वावलंबन की भावना को सुदृढ़ करने हेतु रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग, परंपरागत जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार, नए चारागाहों का विकास, पॉलीहाउस खेती को बढ़ावा देने जैसे नवाचारों को लागू किया जा रहा है। ठाामीण क्षेत्रों में जल संरचनाओं का निर्माण एवं मरम्मत कार्य तेज़ी से करवाया जा रहा है, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण सुनिश्चित हो सके। जनसहभागिता को केंद्र में रखकर प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री एस. एल. जांगिड़ ने जल स्वावलंबन पखवाडे के अंतर्गत विभागीय प्रयासों और योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। वार्ता में मीडिया संस्थानों के जर्नलिस्ट, फोटो जर्नलिस्ट व वीडियो जर्नलिस्ट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।जिला प्रशासन द्वारा यह पहल संवाद और जन-जागरूकता के उद्देश्य से की गई, जिससे जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर मीडिया की भूमिका को और सशक्त किया जा सके।

### विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित

बिजयनगर,14 जून (निसं)। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गये यात्रियों एवं नागरिकों के लिए सर्व समाज के द्वारा राजनगर चौराहा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मोमबती जलाकर व पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई ।श्रद्धांजलि सभा में 1 मिनट का मौन रखा गया । आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मसूदा ब्लाक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्याम नागौरी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष दौलत सिन्धी, नगर कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा पूर्व कांग्रेस पार्षद गौपाल स्वरूप कुमावत, पूर्व कांग्रेस नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता मुलसिह राठौड, लक्की लुनावत ,प्रवीण सिखवाल ,राजा बाबू , कांग्रेस पार्षद दुली चन्द बैरवा पूर्व पार्षद सीताराम पंवार , कांग्रेस पार्षद दाऊद कुरैशी, कांग्रेस पार्षद ओम प्रकाश मेघवाल, कांग्रेस पार्षद रिषि जागिड , कांग्रेस पार्षद राजेन्द्र गुर्जर अमीत जोशी, तरुण कच्छावा भोपाल सिंह, शम्भू खा, उस्मान पठान, पीरू उस्ताद, हमीद बिशायती, बाबूदीन मंसूरी, सलीम पहलवान, कैन्हया लाल, ब्रह्मदत्त शर्मा, अमीत, गुडडु, हरीश शर्मा, भूरा भाई, इमरान कम्पाउडर, अकरम, सदीक खा, इकबाल, जावेद भाई, अनीस अंसारी, जलाल भाई, बाबूसलाम, लतीफ, जफरूदीन, वहीद, कय्यूम, मुन्ना भाई, शरीफ चौधरी, सबीर, नीलगर व सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल थे ।

### मसूदा भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गई

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रावत की अध्यक्षता शनिवार को मसूदा स्थित अखाड़े वाले बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित की बेठक मुख्य व्यक्ताओ ने अपने सम्बोधन बताया कि भाजपा के 11 वर्ष की उपलब्धियां व विकसित भारत की संकल्पना व हमारी भूमिका कार्यक्रम मैं देश ने विकास की गति को ऊंचाई तक पहुंचा है केंद्र सरकार के सैकड़ो योजनाओं से गरीब व्यक्ति को लाभान्वित किया गया देश विकास की और बड़ा है। धारा 370 को खत्म किया देश की सेना को मजबूत की गई चहुमुखी विकास हुआ है ।प्रधानमंत्री आवास योजना ,उज्ज्वला योजना ,स्वस्थ भारत मिशन सहित कई विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं से देश के लोगों को फायदा मिला है और हर योजना को विस्तार से समझाया अन्य वक्ताओं ने बताया कि डबल इंजन की सरकार से देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 25 लाख रुपये कीमत की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

## मामचारी थाना टीम ने स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है

**करौली**-(निंसं.) मामचारी थाना एव जिला स्पे'ाल टीम ने कार्यवाही करते हुए एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के नेतृत्व मे रोकथाम हेतु अवैध मादक पदार्थ व मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध ऑपरेशन स्मैक आउट चलाया जा रहा हैं जिसका सुपरविजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम करौली एवं सत्येन्द्र पाल सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिण्डौन सिटी व वृताधिकारी वृत कैलादेवी श्रीमति मीना मीणा के निर्देशन में त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुयें मामचारी थानाधिकारी अवजीत एव डीएसटी टीम करौली के निर्देशन में जिला करौली द्वारा अवैध मादक पदार्थ सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार किया है पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय की विशेष मॉनिटरिंग में ऑपरेशन स्मैक आउट के तहत जिले में स्मैक के कारोबारियों पर लगातार शिकंजा जारी है। जिला स्पेशल टीम एवं मामचारी थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में स्मैक के बड़े ठिकानें पर छापेमारी करते हुये स्मैक तस्कर को हिरासत में लेते हुए उससे करीब 25 लाख रुपए अंतर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य की 74.83 ग्राम अवैध स्मैक सहित कार्यवाही कि है उन्होने बताया कि स्मैक तस्कर राजेन्द्र उर्फ राजू पुत्र हजारी माली 25 निवासी गोला बस्ती कोटा थाना मामचारी को गिरफ्तार कर लिया है बताया जा रहा है कि गत 13 जून को मामचारी थानाधिकारी मय टीम द्वारा गांव मांच पर आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू पुत्र हजारी माली 25 के कब्जे से 76.33 ग्राम स्मैक शुद्ध स्मैक 74.83 ग्राम मय एक मोटरसाइकिल जप्त कर ली है आरोपी के खिलाफ थाने पर एनडीपीएस एक्ट में पंजीबद्ध कर तफ्तीस गिर्राज प्रसाद थानाधिकारी कैलादेवी के द्वारा की जा रही है। उन्होने बताया कि कार्यवाही के दौरान मामचारी थानाधिकारी अबजीत कुमार, कांस्टेबिल. दानसिह, रामगोपाल,रामपाल, रामनारायण,लक्ष्मीनारायण एव डीएसटी टीम प्रभारी देवेश कुमार, कांस्टेबिल रवि कुमार मीणा, रामदास,ललित किशोर,नेमी चन्द, रन्नों सिंह कि विशेष भूमिका रही।



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर डोडा-पोस्त जब्त किया।

- पुलिस का स्मैक आउट अभियान जारी

# स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी** (निस)। पुलिस ने 6.2 ग्राम स्मैक सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उदेईमोड थाना पुलिस ने काजी कॉलोनी निवासी अहसान (30) को हिरासत में लिया है। एसपी ममता गुप्ता के निर्देश पर थानाधिकारी राजवीरसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। काजी कॉलोनी रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति पुलिस को देखकर मुड गया। संदेह होने पर पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। आरोपी के पैजामे की दाहिनी जेब से एक पॉलिथीन में मटमैला भूरा चूर्ण मिला। जांच में यह स्मैक निकली। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौलने पर स्मैक 6.2 ग्राम निकली। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज किया है।

- ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति पुलिस को देख मुड गया तब संदेह होने पर पकड़ा



कोतवाली गंगापुरसिटी के उप-निरीक्षक संपतसिंह मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस स्मैक की सोर्सिंग और तस्करी नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।वहीं पुलिस थाना उदेईमोड ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए खटीक मोहल्ला इस्लामपुरा निवासी यादराम पहाडिया (52) को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के पास से देसी शराब के 52 पव्वे देसी शराब बरामद की गई।

# जुर्माना वसूला

**कोटा**, (निसं)। मंडल में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए डीआरएम अनिल कालरा के मार्गदर्शन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में सवारी गाड़ियों में औचक सघन टिकट चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विगत कई दिनों से लोकल सवारी गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसके मद्देनजर 14 जून को कोटा-रामगंजमंडी-भवानीमंडी रेल मार्ग पर चार सवारी गाड़ियों गाड़ी संख्या 59838 कोटा-अकलेरा, गाड़ी संख्या 61616 कोटा-नागदा, गाड़ी संख्या 61623 चौमहला-कोटा एवं गाड़ी संख्या 59837 अकलेरा-कोटा में विशेष टिकट चैकिंग अभियान चलाया गया।

इस टिकट चैकिंग अभियान में कुल 139 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। जिनसे कुल 42,500 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। यह अभियान दरा, मोड़क, रामगंजमंडी एवं भवानीमंडी स्टेशनों पर विशेष रूप से चलाया गया।

# पुलिस थाने में कूलर भेंट किए

**कोटा**, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा भीषण गर्मी में पुलिसकर्मियों को तीन बड़े कूलर भेंट कर राहत पहुंचने का प्रयास किया है।

रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए क्लब द्वारा आरकेपुरम पुलिस स्टेशन में तीन जंबो कूलर प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ आर बी गुप्ता, अनुराग अग्रवाल एवं क्लब सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित कर भेंट किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला विशिष्ट अतिथि सहायक औषधि नियंत्रक प्रहलाद मीणा, महेंद्र कुमार मारू थाना अधिकारी आरकेपुरम सहायक प्रान्तपाल आनंद खंडेलवाल ने भाग लिया। अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# बीकानेर में धू-धू कर जली ए.सी. बस

## खाजूवाला में भागवत कथा में जा रही थी बस, 50 से अधिक महिलाओं की जान बची

**बीकानेर**। जिले के खाजूवाला में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। शनिवार को भागवत कथा में शामिल होने जा रही 50 से अधिक महिलाओं की बस में अचानक आग लग गई। चालक की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से सभी महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

आनंदगढ़ ग्राम पंचायत के गांव मुस्लिम जोड़ी में चल रही भागवत कथा में शामिल होने के लिए महिलाएं एसी बस में सफर कर रही थीं। चक 28 केजेडी के पास बस में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शी विकास नाई के अनुसार, बस में लगभग 50-55 महिलाएं सवार थीं। कंडक्टर बलराम नाई ने बैटरी के तारों को उखाड़कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। हालांकि, उनकी सतर्कता से सभी यात्रियों को समय रहते बस से बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। आग इतनी भीषण थी कि बस का पिछला हिस्सा पूरी तरह से जल गया और धुएं का गुब्बार दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। यदि चालक ने समय रहते बस नहीं रोकी होती, तो यह एक बड़े हादसे में बदल सकता था।

# नाबालिग छात्रा की फोटो वायरल करने की धमकी

**नोखा**। जिले के नोखा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा से ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रात पीडिता की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसमें गांव के ही एक युवक पर पीछा करने, फोटो खींचने, धमकाने और सोशल मीडिया पर बदनाम करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

पीडिता ने पुलिस को बताया कि वह 11वीं कक्षा पास कर चुकी है और वर्तमान में अपने माता-पिता के साथ रहती है। उसकी शादी हो चुकी है, लेकिन उम्र कम होने और पढ़ाई जारी रखने के कारण वह ससुराल नहीं गई है। छात्रा के अनुसार, पिछले तीन वर्षों से गांव का एक युवक उसका पीछा कर रहा था। स्कूल आते-जाते वह चुपके से मोबाइल से उसकी तस्वीरें खींचता था।

आरोप है कि युवक लगातार धमकियां देता रहा कि यदि पीडिता उससे बात नहीं करेगी, तो वह उसकी तस्वीरों को अपनी तस्वीरों के साथ एडिट कर ससुराल और पति को भेज देगा। जब छात्रा ने बात करने से इनकार कर दिया, तो आरोपी ने कथित रूप से एडिट की गई फोटो पीडिता के पिता को भेज दी।

इस मामले में पहले गांव के स्तर पर समझौता करवा दिया गया था। आरोपी ने माफी मांगकर दोबारा ऐसा न करने का वादा भी किया था। लेकिन कुछ दिन बाद उसने पीडिता के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बना दी और उसकी तस्वीरें वायरल कर दीं। जब पीडिता के पिता ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने फिर धमकियां दीं।

इसके बाद पीडिता ने साहस दिखाते हुए नोखा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में आईटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच सीओ हिमांशु शर्मा कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

# अवैध बजरी खनन पर जुर्माना

**भीलवाड़ा**। खनन विभाग, भीलवाड़ा के सहायक खनि अभियंता एवं तकनीकी कर्मचारियों द्वारा जिले की रायपुर तहसील के पाटियों का खेडा व बाडी ग्राम के निवासियों के विरोध के बाद जिले की रायपुर तहसील स्थित खनन पट्टा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि स्वीकृत खनन क्षेत्र के बाहर, राजस्व ग्राम पाटियों का खेड़ा एवं बाड़ी की भूमि पर अवैध रूप से बजरी का खनन किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार खनन पट्टाधारी अभिषेक चौधरी द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अवैध खनन किया गया है।

# बारिश के नुकसान का जायजा लिया

**भीलवाड़ा** शाहपुरा नगर परिषद वार्ड संख्या 28 में शुक्रवार को आई तेज आंधी और बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने शनिवार सुबह नगर परिषद के सभा पति रघुनंदन सोनी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने भगवती देवी दमामी के निवास पर जाकर स्थिति का अवलोकन किया और सांत्वना व्यक्त की।

पार्षद दुर्गा लाल कहार ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को अचानक तेज आंधी और बारिश के चलते भगवती देवी दमामी के मकान की सीमेंट टिन शेड उड गया था। इस हादसे में मकान की ऊपरी छत गिरने से दो पुरुष और एक महिला घायल हो गई थी।

घायलों को तत्काल राजकीय जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां एक व्यक्ति के सिर में तीन टांके लगे, एक के पैर में गंभीर चोट आई, जबकि महिला को भी सिर में हल्की चोटें पहुंचीं। घटना के समय क्षेत्रवासी ओम तेली, पीरु, दीपक दमामी, राजू कोली सहित कई लोग मौके पर मौजूद रहे।

# चलती ट्रेन से गिरे यात्री की मौत,

**गंगापुर सिटी** । पीलोदा थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर एक यात्री की चलती ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। घटना मॉडल स्कूल के पीछे खम्भा नंबर 1098/एफ 8 और एफ 10 के बीच हुई। मालगाडी के लोको पायलट ने स्टेशन उप प्रबंधक को शव पडे होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पीलोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को गंगापुर सिटी के सरकारी अस्पताल की मॉर्चुरी में शिनाख्त के लिए रखवाया गया है। थानाधिकारी मानसिंह के अनुसार, मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष है। वह नीली जींस और नीली शर्ट पहने हुए था। उसके चेहरे पर हल्की काली दाढी है। मृतक की जेब से जयपुर जंक्शन से कटनी जंक्शन का टिकट बरामद हुआ है। पुलिस आस-पास के थाना क्षेत्रों में युवक की पहचान के लिए प्रयास कर रही है। अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

- शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवाया शव
- जयपुर से कटनी तक का मिला टिकिट

# पति ने खुशबू के लिए सजाया था नया घर, लंदन से पाली पहुंचे डॉ. विपुल

**पाली**, (नि.सं.)। लंदन में खुशबू का इंतजार कर रहे पति डॉ. विपुल के लिए यह त्रासदी असहनीय है। शादी के बाद यह उनकी पहली लंबी मुलाकात होने वाली थी। उन्होंने लंदन में नया घर सजाया था, जो अब अधूरा सपना बन गया है। खुशबू अपने सास-ससुर से आशीर्वाद लेकर लंदन के लिए अहमदाबाद रवाना हुई थी। व्याकुल ससुर ने बताया कि हमने तो खुशबू को राजी-खुशी रवाना किया था, अगर ऐसा कुछ होने का पता होता तो भेजते ही नहीं। खुशबू के साथ हमारे घर की खुशी भी चली गई है। वहीं खुशबू की मौत की खबर के बाद उनके पति डॉ. विपुल भी नम आँखों के साथ लंदन से भारत के जोधपुर जिले में पहुंचे और अहमदाबाद के लिए निकल रहे थे लेकिन खुशबू के माता-पिता के मना करने पर जोधपुर ही है।

# झगड़ा प्रथा पर रोक लगाने की मांग

## समाज सुधार कमेटी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**भीलवाड़ा**। समाज में चल रही सामाजिक कुप्रथा झगडा प्रथा की रोकथाम को लेकर गुर्जर समाज सुधार कमेटी द्वारा जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपा।

एडवोकेट नरेन्द्र गुर्जर व सामाजिक कार्यकर्ता महावीर गुर्जर ने बताया कि जब कोई लडका लड़की आपसी सहमति से बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से शादी कर लेते है तो समाज के पंच-पटेल लड़के के परिवार वालों पर सामाजिक दबाव बनाकर, मनमाने रूप से झगडे के नाम पर लाखों रुपये की राशि तय कर देते है। तय झगडा राशि निर्धारित समय मे लडके के परिवार को जमा करवानी पडती है।

इस झगडा कुप्रथा के कारण कई परिवार बर्बाद हो गए है, उन्हें अपनी जमीन तक बेचकर झगड़ा राशि देनी पड़ती है,परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते है, परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी मापदंडों पर पिछड रहे है।

आज इसी झगड़ा कुप्रथा पर रोक लगाने व झगडा प्रथा में शामिल लोगों पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग को लेकर गुर्जर समाज सुधार कमेटी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान गुर्जर समाज सुधार कमेटी के नारायण भड़ाना, चांदमल गुर्जर, रामप्रसाद गुर्जर, चेनु कसाना, हरिलाल राक्षी, महावीर गुर्जर, महादेव चेची, कालू डाबला, शिवलाल सुल्तानगढ़, दुधाराम गुर्जर, गोपाल दुदला, हीरालाल, देबी लाल, भागचंद, कैलाश, रामलाल, ऊँकार, पन्ना, ईश्वर, देवराज गुर्जर सहित सैकड़ों समाज जन उपस्थित रहे।



सामाजिक कुप्रथा झगड़ा प्रथा की रोकथाम को लेकर गुर्जर समाज सुधार कमेटी द्वारा जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपा।

- गुर्जर समाज सुधार कमेटी द्वारा जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपा।

# लग्जरी बस से दस लाख के आभूषण चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के बनाड़ की रहने वाली एक महिला के लज्जरी बस में दस लाख के जेवरात चोरी हो गए। घटना 10 जून की है। 11 को केस दर्ज कराया गया। मामला सामने आने के साथ बनाड़ पुलिस हरकत में आई और बस में लगे सीसीटीवी फुटेज देखते हुए आभूषण चुराने वाली एक शातिर महिला को पकडऩे में सफलता हासिल कर ली। महिला को गिरफ्तार कर 102 ग्राम सोने के आभूषण भी जब्त कर लिए। उसे आज कोर्ट में पेश कर जेल भिजवाया गया है। महिला शुक्रवार को गहनो के साथ जोधपुर से महाराष्ट्र भागने वाली थी, मगर उससे पहले ही पुलिस उसके गिरेबान तक पहुंच गई।

बनाड़ थाने के एसआई राजूराम ने बताया कि बनाड़ की रहने वाली सुमन देवासी पत्नी सतपाल देवासी 10 जून को पावटा से बनाड़ के लिए एक लज्जरी बस में सवार हुई थी। बाद में वह बनाड़ चौराहा पर बस से उतर गई और बैग से पानी की बोतल निकालने लगी। तब पता लगा कि उसके बैग से रखे दस तोला सोने के आभूषण जिनमें रखड़ी सेट, हाथों के पुणच, नथ आदि थे, गायब थे। उसके साथ में बच्चा होने से वह पता नहीं लगा पाई कि कैसे गहने चोरी हो गए। बाद में उसने अपने देवर महेंद्र को फोन कर इस बारे में जानकारी दी। इस पर फिर पुलिस को जानकारी दी गई।

एसआई राजूराम ने बताया कि थाने के कांस्टेबल महेश मीणा आदि ने मिलकर लज्जरी बस को चेक किया और उसमें लगे सीसीटीवी फुटेजों को देखा गया। परिवादी महिला सुमन ने बताया कि उसके पास में एक महिला बैठी थी जोकि बारबार उसे देख रही थी। जब वह बस से उठी तब वह महिला भी बस से उठ गई थी। जब बस से उतरने लगी तो वह महिला भी बस से उतर गई। सीसीटीवी फुटेज से संदिग्ध महिला को देखा गया।

पुलिस ने बनाड़ और आस पास लगे तकरीबन तीन दर्जन सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला। महिला बनाड़ चौराहा से उतरने के बाद एक टैंपों फिर कई सवारी टैक्सियों को बदल बदल कर निकली थी। पुलिस द्वारा उसका बराबर फोलो किया गया। आखिरकार उसकी लोकेशन विवेक विहार मिली। पुलिस ने तत्परता दिखाई और उस तक जा पहुंची। एसआई राजूराम ने बताया कि विवेक विहार में बनी कच्ची झुग्गी झोपड़ी से उसे शुक्रवार को दस्तयाब कर पूछताछ की गई। उसके पास 102 ग्राम सोने के आभूषण बरामद हो गए। आरोपी महिला महाराष्ट्र की रहने वाली 48 वर्षीय शालू पत्नी अनित मेत्रे को गिरफ्तार कर लिया गया।

# 50 लाख लूटने वाले दो तांत्रिक गिरफ्तार

- तांत्रिक ने हलवा खिलाकर बेहोश किया, दो साथियों सहित 3 की मौत
- तंत्र-मंत्र से 1 करोड़ के 33 करोड़ करने का झांसा

**बीकानेर**। यहां तंत्र-मंत्र से रुपए 33 गुना करने का झांसा देकर 50 लाख रुपए लूटने वाले दो तांत्रिकों को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। इनका सरगना अभी फरार है। रुपए के लिए तांत्रिकों ने अपने ही दो साथियों और एक व्यक्ति को हलवे में नींद की गोलियां खिलाकर मार दिया था। मामला खाजूवाला थाना इलाके का है।

डीएसपी अमरजीत सिंह ने बताया- खाजूवाला निवासी गफ्फार और अजमेर निवासी शैतान सिंह और विक्रम सिंह की मौत हुई है। गिरोह का सरगना तांत्रिक कर्नाटक का रहने वाला एम.शिवा है, उसकी तलाश जारी है। वहीं जोधपुर निवासी रामस्वरूप और झारखंड निवासी मनोज को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि एम.शिवा की गैंग में शैतान सिंह, विक्रम सिंह, रामस्वरूप और मनोज थे। गफ्फार, शैतान सिंह और विक्रम सिंह के संपर्क में आया था। दोनों ने गफ्फार को एम.शिवा नाम के तांत्रिक के बारे में बताया था। कहा था कि वह तंत्र-मंत्र से 1 करोड़ के 33 करोड़ रुपए कर सकता है।

ठगों ने गफ्फार को अपने जाल में फंसाने के लिए दो बार रुपए डबल कर धोखा दिया। गफ्फार ने एक बार शैतान सिंह के माध्यम से 50 हजार रुपए तांत्रिक के पास भेजे थे। इस पर उसे 50 हजार के बदले एक लाख रुपए वापस दिया गया। 1 लाख रुपए दिए तो उसे 2 लाख रुपए वापस मिल गए। इस कारण उसका विश्वास जम गया। गफ्फार उनकी बातों में आ गया। ठग शैतान सिंह ने अजमेर में तंत्र क्रिया कराने की कोशिश की, लेकिन रुपए का जुगाड़ नहीं हो पाया। ऐसे में गफ्फार ने खाजूवाला के स्थानीय लोगों से बात की।

गफ्फार की बातों में आकर डॉ. पूनाराम ने अपने साले से लेकर 45 लाख रुपए दे दिए। पुलिस जांच कर रही है कि पूनाराम ने भी रुपए 33 गुना बढ़ाने के लिए दिए थे या फिर किसी अन्य काम के लिए दिए थे। इसके अलावा मेडिकल स्टोर संचालक राजेंद्र पूनिया ने भी 5 लाख रुपए दिए थे। इसी तरह कई लोगों ने उसे पैसा दे दिया। इसके बाद कर्नाटक का तांत्रिक खाजूवाला तंत्र क्रिया करने आया। जून के पहले सप्ताह में कर्नाटक का तांत्रिक अपने चार साथियों रामस्वरूप, मनोज, शैतान सिंह और विक्रम सिंह के साथ खाजूवाला पहुंचा।

गफ्फार के घर की सभी महिलाओं को बाहर भेज दिया। उन्हें बोला कि तंत्र विद्या में उनका कोई काम नहीं है। 11 जून को तंत्र क्रिया शुरू की गई। दिनभर तांत्रिक क्रिया की। 12 जून को भी देर रात तक तंत्र क्रिया की। रात को एम.शिवा और उसके साथियों ने हलवे का प्रसाद तैयार किया। मौका पाकर तांत्रिक ने हलवे में नींद की गोलियां मिला दी। प्रसाद गफ्फार, उसके बेटे सलमान, शैतान सिंह, विक्रम सिंह और राजेंद्र को खिलाया। रात करीब 2 बजे प्रसाद वितरण के बाद तांत्रिक और उसके चारों साथी भाग गए। प्रसाद खाने के बाद गफ्फार, उसका बेटा सलमान और राजेंद्र बेहोश हो गए थे। सुबह सलमान को होश आया तो उसने घरवालों को घटना की जानकारी दी।

घरवाले गफ्फार और राजेंद्र को अस्पताल ले गए, जहां गफ्फार की मौत हो गई। कुछ ही देर बाद पुलिस को सूचना मिली कि शोभासर में एक फार्म हाउस के पास दो शव मिले हैं। थोड़ी देर में स्पष्ट हो गया कि ये शव शैतान सिंह और विक्रम सिंह के है। तांत्रिक के साथियों की मौत कैसे हुई इसकी जांच चल रही है। पुलिस ने सलमान का बयान लिया था। इसके बाद जांच करते हुए देर रात मेड़ता रेलवे स्टेशन से रामस्वरूप और मनोज को पकड़ लिया। दोनों ने पूछताछ में बताया कि कर्नाटक का एम. शिवा इनके साथ नहीं था। ऐसे में आशंका है कि वो किसी दूसरे रास्ते से फरार हुआ है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से उसकी तलाश में जुटी है।

# बोनस अंक नहीं देने पर नियुक्तियों पर अंतरिम रोक

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सामान्य श्रेणी के अंतिम कटऑफ से ज्यादा अंक होने के बावजूद नियुक्ति से वंचित करने को लेकर पेश हुई रिट याचिका की प्रारंभिक सुनवाई पर राज्य सरकार को तलब किया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुनील बेनीवाल ने विज्ञापित पद पर कार्यानुभव होने के बावजूद बोनस अंक नहीं दिए जाने पर आयुर्वेद नर्स-कम्पाउण्डर भर्ती प्रक्रिया में नियुक्तियों पर भी अंतरिम रोक लगाई है। अब इस मामले में अगली सुनवाई सात जुलाई को होगी।

याचिकाकर्ता सौरव कुमार की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी और विनीता चांगल ने रिट याचिका पेश कर बताया कि याचिकाकर्ता विकलांग अभ्यर्थी है और विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों के तहत विशेष योग्यजन प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन किया था। जिस पर राज्य सरकार द्वारा गठित सक्षम मेडिकल बोर्ड ने विकलांग कानून के नियमानुसार विकलांग प्रमाण पत्र जारी किया। जिसमें 41 फीसदी लोकोमोटर डिसेबिलिटी अंकित की गई। तत्पश्चात उसने आयुर्वेद विभाग की कम्पाउण्डर-नर्स जूनियर ग्रेड की पिछली भर्ती-2021 में अपना आवेदन पीएच श्रेणी में पेश किया था। भर्ती एजेंसी डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर ने विकलांग व्यक्तियों का चयन प्रक्रिया के दौरान मेडिकल परीक्षण करवाया और चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात भर्ती एजेंसी ने याचिकाकर्ता का नाम मेरिट में होने से नियुक्ति दिए जाने हेतु अनुशंसित किया गया। तत्पश्चात आयुर्वेद विभाग ने याचिकाकर्ता को नियुक्ति आदेश के अनुसरण में जॉइनिंग देने से पहले उसका मेडिकल बोर्ड से पुन: मेडिकल परीक्षण करवाया गया, जिसमं उसके 41 फीसदी विकलांगता आई और तत्पश्चात 28 जून 2022 को कम्पाउण्डर/ नर्स जूनियर ग्रेड द्वितिय पद पर जॉइन करवाया गया। उसने पांच जून 2024 तक लगातार उक्त पद पर सवैतनिक ड्यूटी की और छह जून 2024 को उसे सेवा से यह कहते हुए हटा दिया कि उसके तीसरी बार में एसएमएस अस्पताल जयपुर में हुए मेडिकल परीक्षण में उसकी नि:शक्तता 40 फीसदी से कम पाई जाने से अब वह पीएच वर्ग में नियुक्त होने के योग्य नहीं रहा है। उक्त विधिविरुद्ध आदेश को हाइकोर्ट में चुनोती दी गई है जो रिट याचिका विचाराधीन है। अब याचिकाकर्ता ने कम्पाउण्डर/नर्स जूनियर ठोड के कुल 650 पदों हेतू चल रही वर्तमान भर्ती प्रक्रिया 2024 में अपना आवेदन सामान्य ईडब्लूएस वर्ग में किया। चयन प्रक्रिया में दस्तावेज सत्यापन लिस्ट में नाम शामिल किया गया और अस्थायी मेरिट लिस्ट में क्रम संख्या 7 पर उसका नाम सम्मिलित किया गया लेकिन चाहा गया विहित प्रारूप में अनुभव प्रमाण पत्र 24 मई 2025 को पेश कर देने के बावजूद उसका नाम अंतिम अस्थायी चयन सूची में शामिल नहीं किया गया। पूछे जाने पर भर्ती एजेंसी ने मौखिक रूप से बताया कि पूर्व में की गई सेवा की कार्यावधि की गणना बोनस अंक देने के लिए उचित प्रतीत नहीं होती। इसलिए याचिकाकर्ता का पूर्व में किया गया कार्य अनुभव को जीरो बताकर चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया, जो कृत्य मनमाना, विधिविरुद्ध और असंवैधानिक है। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि नियमित चयन प्रक्रिया में भाग लेकर चयन होने के बाद विज्ञापित पद पर किए गए कार्य अनुभव अवधि को बोनस अंक के लिए अविधिमान्य करना सरासर याचिकाकर्ता के साथ अन्यायपूर्ण और असंवैधानिक हैं। वर्तमान में याचिकाकर्ता बेरोजगार है और उसके प्राप्तांक अंतिम कटऑफ से ज्यादा है और आयुर्वेद विभाग अगले सप्ताह में नियुक्ति आदेश जारी करने की जल्दबाज़ी में है और ऐसे में अंतरिम आदेश दिए जाने की प्रार्थना की गई। मामले की प्रारम्भिक सुनवाई पश्चात न्यायाधीश सुनील बेनीवाल की एकलपीठ ने रिट याचिका की अगली सुनवाई सात जुलाई को नियत करते हुए विज्ञिप्त नंबर 1/2024 दिनांक 10 दिसंबर 2024 के अनुसरण में यदि कोई नियुक्तियां की जाती है तो उसे इस रिट याचिका के निर्णयाधीन रोके जाने के अंतरिम आदेश दिए।

# पुलिस कमिश्नर ने जनसुनवाई में परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया

## 'पुलिस की इस सकारात्मक पहल से आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर बढ़ रहा है'

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने शनिवार को श्याम नगर थाने के सामुदायिक केंद्र भागीरथ मार्ग पर जनसुनवाई कर मौके पर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में श्यामनगर, सोडाला, महेश नगर, शिप्रा पथ, मानसरोवर, वैशाली नगर, करणी विहार एवं चित्रकूट क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग अपनी परेशानी को लेकर पहुंचे। इस जनसुनवाई के दौरान जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर(अपराध) कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनन्द, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार,अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित किशोर शर्मा,अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम आलोक सिंघल,सहायक पुलिस आयुक्त सोडाला, मानसरोवर एवं वैशाली नगर एवं संबंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे।



जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने श्याम नगर थाने के सामुदायिक केंद्र भागीरथ मार्ग पर जनसुनवाई की।

- सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए

जनसुनवाई के दौरान जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस सकारात्मक पहल से आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर बढ़ रहा है। आमजन को राहत देने के लिए सभी थानों में भी प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है

इस जनसुनवाई में अधिकांश मामले आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।

गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर ने शिप्रापथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू (जयपुर पश्चिम), प्रताप नगर (जयपुर पूर्व), जयसिंहपुरा खोर (जयपुर उत्तर) जवाहर सर्किल (जयपुर पूर्व), वैशाली नगर (जयपुर पश्चिम), मुहाना (जयपुर दक्षिण), आमेर (जयपुर उत्तर) महेश नगर (जयपुर दक्षिण), जामडोली (जयपुर पूर्व) एवं झोटवाडा (जयपुर पश्चिम) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

# अन्तर्राज्यीय गुजराती गैंग का सरगना गिरफ्तार

- अपने ही परिवार के लोगों से करवाता था चोरी की वारदात
- चोरी का माल खरीदने वाला ज्वैलर्स भी चढा पुलिस के हत्थे

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपने ही परिवार की महिलाओं से चोरी की वारदात करवाने वाला अन्तर्राज्यीय गुजराती गैंग के सरगना सहित चोरी का माल खरीदने वाले ज्वैलर्स को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित ने महिलाओं के जरिए जयपुर में अब तक 150 से अधिक सोने-चांदी के गहने लूटने की वारदात करवा चुका है। पुलिस टीम पिछले छह माह से लगातार इस गैंग की निगरानी कर रही थी। पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद आरोपित को खोह नागोरियान इलाके से पकडा है। इस गिरोह की महिलाओं ने बसों और ऑटो रिक्शा सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सोने एवं चांदी के जेवरात चुराने के बाद आरोपित ज्वेलरी को लेकर फरार हो जाता था। इस गिरोह ने जयपुर शहर में अलग अलग इलाकों में अस्थाई ठिकाने बना रखे हैं। जो वारदात को अंजाम देने के बाद ठिकाना बदल लेते हैं और फिर नई वारदातों को अंजाम देते है। इस गैंग में शामिल चार महिलाओं को पूर्व में गिरफ्तार ही किया जा चुका है। पुलिस पूछताछ में आरोपित से और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपने ही परिवार की महिलाओं से चोरी की वारदात करवाने वाले अन्तर्राज्यीय गुजराती गैंग के सरगना कांगिया अर्जुन विनोद भाई (28) निवासी बेरोतनाथ जिला भावनगर (गुजरात) हाल कानोता जयपुर सहित चोरी का माल खरीदने वाले ज्वैलर्स महावीर प्रसाद सोनी (44) निवासी सामोद जयपुर ग्रामीण हाल विधाधर नगर हाल दुकान आरती ज्वैलर्स विधाधर नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित अपने परिवार की महिलाओं खुद की पत्नी, बहन, ई-रिक्शा व भीड़ वाले स्थानों पर अकेली सवारियों विशेषकर महिलाओं एवं बुजुर्गों को बातों में लगाकर चोरी करने को कहता था।

# चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** बजाज नगर, जवाहर नगर थाना पुलिस ने जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पूर्व की मदद से चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के पास से लूटी गई सोने की दो चेन,एक बाइक, एक देशी कट्टा बरामद किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में लगातार चेन टूटने की वारदातों को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। जहां डीएसटी पूर्व टीम ने बजाज नगर और जवाहर नगर थाना पुलिस की मदद से चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले अनिल, धोलिया उर्फ अक्षय,मुकेश और सूरज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से सोने की दो चेन,एक बाइक, एक देशी कट्टा बरामद किया है।

# विमान दुर्घटना पीड़ितों के प्रति संवेदना

**जयपुर।** सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रिवांसेज (एसपीजी), भारत/अध्यक्ष प्रो. बी.डी. रावत एवं सचिव डॉ. गोविंद रावत अहमदाबाद में कल हुई दुखद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

एसपीजी इंडिया/कार्यकारी समिति के सदस्य कृष्ण अवतार गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि नटवर लाल सारडा कान्हा समूह और तनसुख थे और विशिष्ट अतिथि मंजू शर्मा थीं। सह-अध्यक्ष और एमडी- ईएचसीसी अस्पताल, डॉ. प्राचीश प्रकाश सीईओ, ईएचसीसी अस्पताल, डॉ. आलोक माथुर निदेशक - प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी, ईएचसीसी अस्पताल, नितेश तिवारी वरिष्ठ जीएम - समूह विकास, विकास और ब्रांडिंग, ईएचसीसी अस्पताल आशीष खुंटेटा उप जीएम - समूह विकास और ब्रांडिंग, ईएचसीसी अस्पताल के विशेष उपाध्यक्ष कैलाश चंद एवं मुकेश जी ने इसअपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

# योग दिवस को लेकर पतंजलि का जनसंपर्क अभियान तेज

- भव्य एवं ऐतिहासिक होने जा रहा है योग दिवस कार्यक्रम : राकेश भारत
- भीषण गर्मी में भी पतंजलि के कार्यकर्ताओं में भारी जोश

**जयपुर।** परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के दिशानिर्देशन तथा हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग, हरियाणा के तत्वाधान में आयोजित 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पतंजलि योगपीठ के जन-सम्पर्क कार्यों ने गति पकड़ ली है। कुरुक्षेत्र के लोगों में उत्साह है कि स्वयं योगऋषि स्वामी रामदेव जी तथा प्रदेश के मुखिया नायब सिंह सैनी उन्हें योगासन व प्राणायाम सिखाने आ रहे हैं। उक्त उद्गार पतंजलि योग समिति के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी भाई राकेश कुमार भारत ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बहुत ही भव्य एवं ऐतिहासिक होने जा रहा है, जिसमें देश के सभी राज्यों से सभी साधक योग का अभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ लेंगे।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में भी कार्यकर्ताओं के जोश में कमी नहीं आ रही तथा वे गाँव-गाँव, घर-घर जाकर लोगों में योग के प्रति स्वीकार्यता बढ़ा रहे हैं। कार्यकर्ता लोगों को 21 जून को ब्रह्मसरोवर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हेतु आमंत्रित कर रहे हैं। इस संदर्भ में इस्माईलाबाद के अग्रवाल धर्मशाला व इस्माईलाबाद के गांव खेड़ी शहीदां के ग्रामीण मंदिर में भाई राकेश भारत ने प्रातःकाल योग कक्षा का संचालन भी किया।

कार्यकर्ता बैठक में राकेश ने कहा कि हमें तहसील पिहोवा के 40 पॉइंट पर प्रचार कार्य आगामी 2 दिनों में पूरा करना है। इसका संज्ञान लेते हुए पिहोवा के गांव सरसा में स्वामी कौशल देव जी, पतंजलि युवा भारत पंजाब के राज्य प्रभारी सतगुरु जी, सुभाष सारसा जी ने योगाभ्यास कराया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र की तैयारी हेतु आदरणीय मुख्यमंत्री महोदय के गृह क्षेत्र लाडवा की तैयारियां सबसे ज्यादा जोरों पर हैं। जिला सिरसा हरियाणा के प्रभारी जय प्रकाश जी एवं सोशल मीडिया सह-प्रभारी मुख्य योग शिक्षक हेमराज सपरा ने तहसील लाडवा के गांव खरकाली में योग कक्षा का संचालन कर स्थानीय निवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव कुरुक्षेत्र हरियाणा में पहुंचने के लिए प्रेरित किया। लाडवा आर्य समाज मंदिर में पतंजलि योग समिति लाडवा के तत्वाधान में योग शिक्षक ओमप्रकाश मल्होत्रा व सुनील गर्ग द्वारा द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया।

# तीन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** अशोक नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के दो मोबाइल भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि घर मे घुस कर मोबाइल चुराने वाले गिरोह का अशोक नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित विजय कनोजिया निवासी महेश नगर,निक्की उर्फ निक्कू निवासी हसनपुरा जयपुर और ताराचंद निवासी हसनपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# गोविंद देवजी मंदिर में हवन आज

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह आठ से ग्यारह बजे तक पर्यावरण संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छ पर्यावरण, हरित जीवन और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के आयोजित यज्ञ को गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली संपन्न कराएंगी।

गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि स्वच्छ पर्यावरण-सुरभित जीवन के ध्येये वाक्य के साथ आयोजित यज्ञ में सभी को निःशुल्क आहुतियां अर्पित करने का अवसर मिलेगा। यज्ञ के लिए किसी भी सामग्री को लाने की आवश्यकता नहीं है। यज्ञ में अहमदाबाद में विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्म शांति के लिए विशेष आहुतियां प्रदान की जाएंगी।

यज्ञ सुबह आठ से दस बजे तक ही होगा। इसके बाद दस से ग्यारह बजे तक पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद की ओर से मानसून के दौरान अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए पूर्व तैयारियों पर मंथन किया जाएगा। पर्यावरण के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले विशिष्टजनों के उद्बोधन भी होंगे।

पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुरोधाओं को सम्मानित किया जाएगा।

यज्ञ के बाद सभी प्रतिभागियों को हरियाली के उपहार के रूप में औषधीय पौधों का वितरण किया जाएगा।

# 'मेडिटेशन समाज के लिए बहुत जरूरी, यह किसी धर्म से जुड़ा नहीं है'

- विश्व एकता व विश्वास विकास परियोजना का राष्ट्रीय मीडिया लॉन्च

**जयपुर।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की चालू वर्ष की थीम मेडिटेशन द्वारा विश्व एकता व विश्वास विकास परियोजना का आज नेशनल मीडिया लॉन्चिंग हुआ। संस्था की स्थानीय सीरीफोर्ट इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित राजयोग शिक्षा केंद्र पर श्रमजीवी पत्रकार व मीडिया कर्मियों केलिए आध्यात्मिकता से मन की शांति, भ्रम से स्पष्टता विषय पर आयोजित एक अनुभवात्मक कार्यशाला के साथ ही इस परियोजना का मीडिया शुभारंभ हुआ।

इस शुभ अवसर पर अपनी आशीर्वचन देते हुए दिल्ली, यूपी, रूस व बाल्टिक देशों में स्थित ब्रह्मा कुमारी संस्था की अनेक राजयोग ध्यान केंद्रों के संचालिका राजयोगिनी बी के चक्रधारी दीदी ने कहा कि मीडिया कर्मी समाज को जागृत करता है, प्रत्येक घटना से लोगों को अवगत कराता है, सत्यता का खोज और उसे उजागर भी करता है। उन्होंने कहा कि यह समय सूचना व समाचार प्रसारण का है, जिसमें समाचार की श्रृंखला बनी रहती है। उन्होंने कहा कि हम सब आत्माये, परमात्मा की संतान है, आपस में भाई-भाई हैं, जब मेडिटेशन के द्वारा परमात्मा के जुड़ते हैं तो परमात्मा की शक्तियां और गुण हमारे अंदर आ जाते हैं। क्यों कि, परमात्मा प्रेम, शांति, सुख, आनंद और पवित्रता का शाश्वत स्त्रोत व दाता है।

सीरीफोर्ट राजयोग केंद्र की संयोजिका बी के रमा ने सबको सामूहिक ध्यान का अभ्यास कराते हुए मन की शांति, स्थिरता व एकाग्रता का अनुभव कराया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने इस मीडिया सशक्तिकरण अभियान की सफलता हेतु शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि मैं ब्रह्मा कुमारी संस्था से लगभग 25 साल से सम्पर्क में हूं। यह संस्था आत्मा परमात्मा की अनुभूति हेतु मेडिटेशन कोर्स कराती हैं और जीवन के सभी प्रश्नों के उत्तर देती है, जिससे मैंने समाधान पाया और प्रसन्न हुआ।

उन्होंने कहा कि इस संस्था के जुड़े सभी सदस्यों के चेहरे पर आध्यात्मिक और रूहानी चमक होती है। उन्होंने कहा कि किसी दुर्घटना के बारे में समाचार देना तो आसान है, परंतु ब्रह्मा कुमारी संस्था उसमें जीवन का सत्य व रूहानी राहत की शक्ति जोड़ देती हैं। उन्होंने कहा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और ब्रह्माकुमारी संस्था दोनों लगभग समान मानवीय मूल्यों पर काम करते हैं।

प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष गौतम लाहिड़ी ने भी अपनी शुभ कामनाओं में कहा कि मेडिटेशन किसी धर्म से जुड़ा नहीं है, यह हर व्यक्ति व व्यवसाय की प्रगति के लिए बहुत जरूरी है। ब्रह्मा कुमारी संस्था का आध्यात्मिक ज्ञान व सरल योग ध्यान पद्धित इस दिशा में प्रभावी है। उन्होंने कहा कि जनता व समाज की भलाई वाली सकारात्मक ख़बरों को प्राथमिकता व प्रमुखता देने की आवश्यकता है। प्रोफेसर प्रदीप माथुर ने ब्रह्मा कुमारी संस्था द्वारा देश भर में की जा रही मीडिया सशक्तिकरण सेवाओं का सराहना करते हुए चलित वर्ष की अभियान की सफलता हेतु मंगल कामना की।

# शिक्षाविद बनवारीलाल की एसएमएस अस्पताल में देहदान

**जयपुर।** ''शरीर दान महादान'' की भावना को साकार करते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद एवं समाजसेवी बनवारीलाल शर्मा ने मृत्यु के उपरांत भी मानवता की सेवा का मार्ग चुना। जीवनभर समाज के लिए समर्पित रहे शर्मा ने अपने जीवनकाल में ही घोषणा कर दी थी कि उनका शरीर अनुसंधान और चिकित्सा शिक्षा के लिए दान किया जाएगा, ताकि वह मृत्यु के बाद भी मानव सेवा में योगदान दे सकें।

80 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के एनाटॉमी विभाग को दान किया गया है। यह निर्णय मेडिकल छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान में मदद करेगा और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में योगदान देगा।

बनवारीलाल शर्मा, पोदार इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, राजस्थान विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. अनुराग शर्मा के पिता थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन शिक्षण, सामाजिक चेतना और सेवा के मूल्यों को समर्पित किया।



उनकी अंतिम यात्रा 13 जून को प्रातः 8:00 बजे उनके कावेरी पथ स्थित निवास से प्रारंभ होकर एसएमएस अस्पताल तक पहुंची थी।

शर्मा का यह प्रेरणादायी कदम शरीर दान जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषय पर जन-जागरुकता बढ़ाने का कार्य करेगा। वे न केवल अपने विचारों, बल्कि अपने कर्मों से भी आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बन गए हैं। उनका यह योगदान चिकित्सा शिक्षा और मानव सेवा के क्षेत्र में सदैव स्मरणीय रहेगा।

# 777 वसीफ मोटा गैंग का सक्रिय बदमाश हथियार सहित गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत शास्त्री नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए सक्रिय 777 वसीफ मोटा गैंग के सक्रिय बदमाश को हथियार सहित गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने आरोपित के पास से एक देसी पिस्टल भी जब्त की

पुलिस ने आरोपित के पास से एक देसी पिस्टल भी जब्त की है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ लडाई-झगडा,आर्म्स एक्ट और वसूली के दस से अधिक मामले दर्ज है। आरोपित अपने ग्रुप के सदस्यों के साथ बाजार से अवैध वसूली के लिए भय दिखाने के लिए अवैध हथियार रखता है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत शास्त्री नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए 777 वसीफ मोटा गैंग के संक्रिय बदमाश मोहम्मद सलमान उर्फ कबूतर (25) निवासी सोडाला जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से अवैध हथियार देशी पिस्टल जब्त की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित यह अवैध हथियार वसीम उर्फ मोटा निवासी शास्त्री नगर से खरीदना कबूला है। यह सक्रिय 777 वसीम अहमद उर्फ मोटा गैंग भट्टा बस्ती,शास्त्री नगर,संजय सर्किल, सदर, विधायक पुरी और नाहरगढ़ थाना इलाके में दहशत फैलाते है। आरोपित अवैध वसूली के लिए लडाई झगडे व एक-दुसरे के घर आगजनी व तोड़फोड़ करते हैं। पुलिस आरोपित से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।



जयपुर कमिश्नरेट की टीम ने सक्रिय 777 वसीफ मोटा गैंग के सक्रिय बदमाश को हथियार सहित गिरफ्तार किया।

# 'खेल केवल व्यक्तिगत विकास ही नहीं, राष्ट्र निर्माण का भी सशक्त माध्यम है'

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि खेल केवल व्यक्तिगत विकास ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का भी सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा, वुशू चैम्पियनशिप जैसी प्रतियोगिताएं युवाओं को प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही हैं, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में मदद मिल रही है। चैम्पियनशिप-2025 के शुभारंभ अवसर पर शेखावत ने कहा, वुशू केवल एक मार्शल आर्ट नहीं, बल्कि आत्मरक्षा, शारीरिक क्षमता और मानसिक अनुशासन का अद्भुत संगम है, जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा है।

- केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने कहा, वुशू चैम्पियनशिप जैसी प्रतियोगिताएं युवाओं को प्रतिभा निखारने का दे रहीं सुनहरा अवसर



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने वुशू चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में युवाओं का उत्साह बढ़ाया।

उन्होंने कहा, भारत ने एशियाई खेलों और विश्व वुशू चैम्पियनशिप में पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। इस क्रम में शेखावत ने संदीप कुमार, यमुना रेड्डी और बिमला तमांग जैसे खिलाड़ियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये युवा आज पूरे देश के लिए आदर्श बन चुके हैं।

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को लेकर आई जागरुकता का उल्लेख करते हुए कहा, 'खेलो इंडिया', 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' और 'फिट इंडिया मूवमेंट' जैसी योजनाओं ने देश में खेल संस्कृति को नई ऊंचाई दी है। शेखावत ने कहा, वुशू महिलाओं के लिए आत्मरक्षा का एक प्रभावशाली माध्यम बनकर उभरा है। यह न केवल उन्हें शारीरिक रूप से सक्षम बनाता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा, आज के समय में, जब आत्मरक्षा अनिवार्य हो गई है, वुशू उन्हें निडर बनने की प्रेरणा देता है और उनके आत्मसम्मान को नया आयाम प्रदान करता है।

# प्रत्यक्ष आवंटन योजना के तृतीय चरण की शुरूआत 16 जून से

- प्रत्यक्ष आवंटन योजना के तृतीय चरण में 97 औद्योगिक क्षेत्रों में 6806 भूखण्ड रखे गये है

**जयपुर।** प्रत्यक्ष आवंटन योजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण को मिली अप्रत्याशित सफलता के पश्चात् योजना के तृतीय चरण की शुरूआत दिनांक 16 को होगी। राइजिंग राजस्थान इनवेस्टमेंट समिट-2024 के अंतर्गत 30 अप्रैल 2025 तक राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादित करने वाले उद्यमी एवं निवेशक दिनांक 16.06.2025 से 27.06.2025 तक ऑनलाइन ईएमडी जमा करवा सकेंगे। इस चरण के अंतर्गत ई-लॉटरी दिनांक 02.07.2025 को निकाली जायेगी।

प्रत्यक्ष आवंटन योजना के तृतीय चरण में 97 औद्योगिक क्षेत्रों में 6806 भूखण्ड रखे गये हैं। योजना में विभिन्न श्रेणियों/वर्गों के लिए भी भूखण्ड आरक्षित किये गये हैं जिनमें से अनूसूचित जाति/जनजाति के लिये 237, महिला वर्ग के लिये 206, भूतपूर्व सैनिकों के लिये 117, बेंचमार्क दिव्यांगता के लिये 147 तथा सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक आश्रित के लिये 62 भूखण्ड हैं। 6037 भूखण्ड अनारक्षित हैं।

मार्च-2025 में प्रारंभ हुई इस योजना के प्रथम चरण में निवेशकों को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 6000 से अधिक भूखण्डों में से अपनी रूचि एवं आवश्यकता के आधार पर आरक्षित दर पर सही भूखण्ड चयन करने का अवसर दिया गया था। प्रथम चरण में 87 भूखण्डों का आवंटन कर दिया गया है। योजना का द्वितीय चरण मई माह में प्रारंभ हुआ जिसमें लगभग 7100 भूखण्ड रखे गये। ई-लॉटरी दिनांक 05.06.2025 को आयोजित हुई। इस चरण में 464 निवेशकों ने 329 भूखण्डों पर ऑनलाइन आवेदन किया। करीब 321 भूखण्डों के ऑफर लेटर देने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इन 321 भूखण्डों के माध्यम से राज्य में करीब 1800 करोड़ रूपये का निवेश होगा। इन भूखण्डों की कीमत लगभग 648 करोड़ है।

प्रमुख शासन सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग एवं रीको अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार इसी वर्ष 11-12 दिसंबर-2025 में राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव के अंतर्गत हुए एमओयू के धरातल पर उतरने के परिणामों को समीक्षा करके जनता के समक्ष लाने जा रही है। इस हेतु हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक एमओयू कम समय में औद्योगिक इकाई में परिवर्तित हों और निवेशक को जो भी समस्या आ रही है उसका तत्काल समाधान हो। औद्योगिक इकाई लगाने के लिये भूखण्ड प्राप्त करने में उद्यमी को सुविधा हो, रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना इसी उद्देश्य से लाई गई है। प्रथम एवं द्वितीय चरण में निवेशकों का रूझान देखने के पश्चात् तृतीय चरण प्रारंभ किया गया है।

रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण में निवेशकों ने बड़ी संख्या में आवेदन किये। जो निवेशक योजना का लाभ उठाने से वंचित रह गये हैं, तृतीय चरण में उन्हें भूखण्ड प्राप्त करने का अवसर दिया जायेगा, यदि उन्होंने राज्य सरकार के साथ 30.04.2025 तक एमओयू निष्पादित किया हो। भूखण्ड प्राप्त करने के पश्चात् निवेशक जल्द से जल्द अपनी औद्योगिक इकाई लगायें, इसके लिये राज्य सरकार और विभाग उद्यिमयों की हर संभव सहायता और मार्गदर्शन करेंगे। एमओयू को धरातल पर लाने का भरसक प्रयास राज्य सरकार और विभागीय स्तर पर किया जा रहा है एवं इनकी लगातार मॉनिटरिंग हो रही है।

प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 के तहत औद्योगिक भूखण्ड आवंटन हेतु आवेदन करने वाले निवेशकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जिस कंपनी अथवा व्यक्ति के द्वारा एमओयू किया गया है, भूखण्ड उसी कंपनी/व्यक्ति को आवंटित किया जा सकेगा। अतः निवेशकों को यह सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन का रजिस्ट्रेशन करते समय इस बिंदु का विशेष ध्यान रखें। प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 के संबंध में अधिक जानकारी, नियम एवं शर्तों इत्यादि के लिये रीको के पॉर्टल को देखें।

# कोरियर से भेजा गया सामान खो देना सेवा दोष, कंपनी पर लगाया हर्जाना

## राज्य उपभोक्ता आयोग जोधपुर पीठ ने निजी हॉस्पिटल द्वारा डीटीडीसी कोरियर कंपनी के माध्यम से भेजे गए सामान को निर्धारित स्थान पर नहीं पहुंचाने पर सेवा दोष माना है।

**जोधपुर, (कासं)।** राज्य उपभोक्ता आयोग जोधपुर पीठ ने एक निजी हॉस्पिटल द्वारा डीटीडीसी कोरियर कंपनी के माध्यम से भेजे गए सामान को निर्धारित स्थान पर नहीं पहुंचाने पर सेवा दोष माना है।साथ ही कोरियर कंपनी को सामान की कीमत, हर्जाना देने के आदेश दिए है।

यश हॉस्पिटल के प्रोपराइटर रेनू गहलोत ने जिला आयोग जोधपुर प्रथम में विपक्षी डीटीडीसी कोरियर कंपनी जोधपुर के माध्यम से पोर्टेबल मेडिकल ऑक्सीजन सिलेंडर भिजवाया था। परिवादी ने सिलेंडर खराब होने पर उसके उत्पादक को वापस लौटाया था। कोरियर कंपनी ने पार्सल गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंचाया तथा कंपनी के प्रतिनिधि ने परिवादी को बताया कि उनके पार्सल को नई दिल्ली एयरपोर्ट पर खतरनाक विस्फोटक वस्तु, अपराधिक बम होने के शक में रोक कर अपनी कस्टडी में ले लिया है। परिवादी ने कई बार कोरियर कंपनी में संपर्क किया लेकिन बुक किया गया सिलेंडर नहीं लौटाया। विपक्षी कोरियर कंपनी डीटीडी सी की ओर से बताया गया कि परिवादी ने मेडिकल उपकरण बात कर बुकिंग करवाई थी। परिवादी की गलती के कारण 25 हजार रुपए की पेनल्टी एयरपोर्ट पर लगाई गई तथा कोरियर कंपनी पर सात दिवस तक सभी एयरलाइंस में सामान बुक करने की पाबंदी लगाई जिसके कारण विपक्षी को भारी नुकसान उठाना पड़ा। परिवादी ने सामान बुक करवाने करवाते समय क्या वस्तु भेजी जा रही है इसके बारे में जानकारी नहीं दी। जिला आयोग ने विपक्षी के कथन को उचित मानते हुए परिवादी का परिवाद अस्वीकार कर दिया। जिला आयोग के निर्णय के विरुद्ध परिवादी ने राज्य उपभोक्ता आयोग जोधपुर पीठ के समक्ष अपील प्रस्तुत की।

■ कोरियर कंपनी जोधपुर के माध्यम से पोर्टेबल मेडिकल ऑक्सीजन सिलेंडर भिजवाया था

आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र कच्छवाहा, सदस्य मुकेश सिंह व सदस्य लियाकत अली ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर अपने निर्णय में कहा कि कोरियर कंपनी का कथन है कि एयरपोर्ट पर अथॉरिटी द्वारा विस्फोटक सामान की आशंका में सिलेंडर जब्त किया गया था, तथा 25 हजार रुपए की पेनल्टी भी कंपनी पर लगाई गई एवं कंपनी की सेवाएं भी सात दिन तक रोक दी गई। आयोग द्वारा अपने निर्णय में कहा कि जहां तक प्रश्न पार्सल के अंदर क्या है यह नहीं लिखे जाने के तर्क का हैं, सामान्यत: कोरियर कंपनियों के माध्यम से भेजे जाने वाले पार्सल पर ऐसी बात नहीं लिखी जाती है।

एयरपोर्ट प्राधिकरण के पास सुरक्षा जांच के दौरान ऐसा उपकरण होता है जिससे वह जांच के दौरान पार्सल के बिना खोले पता लगा सकते हैं और शक होने पर पार्सल खोलकर उसकी भी जांच की जा सकती है लेकिन एयरपोर्ट प्राधिकरण ने ऐसा किया हो कोई दस्तावेज अभिलेख पर उपलब्ध नहीं है। कोरियर कंपनी डीटीडीसी कोरियर कंपनी द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग में जवाब देरी से दिया गया तथा 500 कॉस्ट पर जवाब रिकॉर्ड पर लेने के आदेश दिए गए लेकिन राशि जमा करवाई गई हो आदेशिका में ऐसा कोई उल्लेख नहीं है। जिला आयोग जोधपुर प्रथम द्वारा ली गई सेवाओं को वाणिज्यिक गतिविधि माना जाना भी सही नहीं कहा जा सकता। कोरियर कंपनी द्वारा एयरपोर्ट अथॉरिटी में 25 हजार जमा करवाए गए हो ऐसी कोई रसीद भी प्रस्तुत नहीं की गई है।

आयोग द्वारा समस्त परिस्थितियों को देखते हुए अपीलार्थी यश हॉस्पिटल की अपील को स्वीकार करते कोरियर कंपनी को सिलेंडर वापस लौटाने अथवा उसकी कीमत अदा करने एवं मानसिक क्षति के रूप में 25 हजार रुपए तथा परिवाद एवं अपील व्यय के रूप में पांच-पांच हजार रुपए देने के आदेश पारित किए गए। परिवादी की ओर की ओर से अधिवक्ता केके भाटी एवं विपक्षी की ओर से पवन प्रकाश उपस्थित हुए।

# सुनी आंखों से नाबालिग बेटी का इंतज़ार कर रहे माता पिता

**ब्यावर (निसं)।** लोंकाशाह नगर निवासी राजेन्द्र अल्का जैन की नाबालिग पुत्री जो की 2 जून से ही घर से बगैर बताये निकली थी। काफी देर इंतज़ार के बाद भी वो वापस घर नहीं आयी और न ही फोन द्वारा भी कोई जानकारी मिल सकी । अनमोल के घरवालों ने अपने आसपास अडोसी पड़ोसी के अलावा रिश्तेदारों के यहां भी उसके बारे में पता लगाया लेकिन उसके बारे में सभी ने अनभिग्यता ज़ाहिर कर दी। आखिर हार मानकर अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी रिपोर्ट 248/2025 अन्तर्गत धारा 137828 भारतीय न्याय संहिता के तहत साकेत नगर थाने में दर्ज़ करवा दी। गौरतलब है की सात दिन तक भी पुलिस द्वारा अपनी बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर माता और पिता ने रोटी हुई आँखों से जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत के निवास स्थान जाकर भी गुहार लगाई लेकिन 12 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन अनमोल तो ढूंढने में नाकामयाब रहा। शुक्रवार को श्री ओसवाल जैन संघ संस्थान के पदाधिकारिओं, सदस्यों और अनमोल के परिजनों ने एक ज्ञापन जिला कलेक्टर खडगावत को उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के नाम सौपकर अपनी मांग को और गम्भीरतापूर्वक दोहराया है। उन्होंने साफ़ तौर पर कहा है की इस गंभीर मामले में अभी तक पुलिस और प्रशासन का रवैया संतोषजनक नज़र नहीं आ रहा है। उन्होंने अपना भारी रोष प्रकट करते हुए उक्त एफआईआर 248/2025 में तुरन्त कार्यवाही कर उनकी पुत्री अनमोल को बरामद कर सुपुर्द करवाने की मांग रखी है। इसके साथ ही इस मामले में उसे बहलाने फुसलाने व भगाने वाले में और उसके सहयोगियों के विरूद्ध नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्यवाही कराने के निर्देश दिए जाए ।

■ 12 दिनों से रोती बिलखती आँखों के आँसू भी सूख गए

# वन राज्य मंत्री ने जल संरक्षण कार्यों का भूमि पूजन किया

**नादौती करौली ।** प्रदेश के वन, पर्यावरण,जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत राजस्थान जल आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।



मंत्री नादौती तहसील के जैतकीपुरा में 10 फार्म पॉण्ड सहित अन्य जल संरक्षण कार्यों के भूमि पूजन किया।

राज्य मंत्री नादौती तहसील के जैतकीपुरा में शनिवार को 10 फार्म पॉण्ड सहित अन्य जल संरक्षण कार्यों के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। वन राज्य मंत्री ने कहा कि 5 से 20 जून तक प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान चलाया जा रहा है। जनप्रतिनिधि एवं आमजन इसमें अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर अभियान को जिले में सफल बनाएँ। उन्होंने कहा कि जिले में स्थित पोखर, तालाब, कुएं, बावडियां, बांध और कुंड जैसे सभी पारंपरिक जल स्त्रोतों की श्रमदान के माध्यम से सफाई की जाए और वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण किया जाए । मंत्री ने कहा कि वर्षा जल का संचयन भू-जल स्तर को पुनर्जीवित करने में मदद करेगा,जिससे वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से राहत मिल सकेगी। उन्होंने जल संरक्षण को सतत विकास और भावी पीढ़ियों के हित में अत्यंत आवश्यक बताया। इसके साथ ही उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि आगामी वर्षा ऋतु में हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत एक पेड़ अपनी माँ के नाम अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण भी करें,जिससे पर्यावरण का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके और अगली पीढ़ी में भी प्रकृति के प्रति जुड़ाव कायम रखा जा सके। इस दौरान ठाामवासियों ने अधूरी सड़क के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने की मांग की तो राज्यमंत्री ने नियमानुसार सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व राज्यमंत्री ने गुढाचन्द्रजी स्थित वन विभाग की नर्सरी में पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया एवं उसका निरीक्षण भी किया।कार्यक्रम के दौरान सपोटरा विधायक हंसराज मीणा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, चिकित्सा, सानिवि, पीएचईडी, जल संरक्षण व पर्यावरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है इस अवसर पर विधायकों ने जिले में हो रहे जल व पर्यावरण संरक्षण के कार्यों के लिए राज्य सरकार का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विधायकों एवं आमजन के द्वारा विकास कार्यों की गई मांग का परीक्षण कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान राज्य सरकार की एक अभूतपूर्व पहल है जो जन आंदोलन की ओर बढ़ रहा है जनप्रतिनिधि,अधिकारी,कर्मचारी पर्यावरण प्रेमी व आमजन आपसी समन्वय के साथ सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर अभियान को जिले में सफल बनाने की ओर अठासर हैं। इस दौरान जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना, अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, उप वन संरक्षक सुमित बंसल,पीयूष शर्मा,हिंडौन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी लाखनसिंह,सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना,पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीणा, कृषि विभाग के उपनिदेशक वीडी शर्मा, नादौती की उपखण्ड अधिकारी पूजा मीना, विकास अधिकारी ऋषिराज मीना सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में पांच की मौत, 4 जने घायल

**अलवर (निसं)।** अलवर के सदर थाना क्षेत्र के कारौली बाग के पास शुक्रवार रात 9 बजे कार ने सडक किनारे खड़े बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसे में कार ड्राइवर सहित 3 जनों की मौत हो गई। वहीं कार में सवार 4 लोग घायल हो गए।

सदर थाने के एएसआइबंशीलाल ने बताया- रात करीब पौने 9 बजे एक तेज रफ्तार कार ने सडक़ किनारे खड़े बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें प्रवीण कुमार 32 पुत्र भोलाराम निवासी मुडियोखेड़ा अलवर, विजय कुमार 33 पुत्र राकेश कुमार निवासी मूडियाखेड़ा अलवर की मौत हो गई। दोनों मिस्त्री व वेल्डिंग का काम करते थे। तीसरा युवक संजय कुमार गंभीर घायल है। जिसका इलाज जयपुर में जारी है। प्रवीण ने अलवर के सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं विजय का दौसा के पास दम टूट गया। कार के ड्राइवर फेजान निवासी मूंगस्का की भी मौत हो गई। इसके अलावा कार में तीन महिलाएं थी। जो गंभीर हालत में भर्ती हैं।

असल में दो जने बाइक पर थे। जो रोड किनारे खड़े होकर एक तीसरे व्यक्ति से बात कर रहे थे। पीछे से चिकानी से अलवर की तरफ आ रही



चंदवाजी थाना क्षेत्र में हादसे के बाद कार बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

कार ने तेज रफ्तार में टक्कर दी है। उसके बाद कार भी पलट गई। कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षितठास्त हो गया। वहीं रोड किनारे खड़े लोग दूर जाकर गिरे।

अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सडक़ हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। यह हादसा माचाड़ी बाईपास के पास हुआ जब दोनों बाइक पर सवार होकर पारिवारिक शोक समारोह से लौट रहे थे। हादसे में मृतकों की पहचान बंसी (40) और उसके चचेरे भाई नेतराम (38) के रूप में हुई है।

दोनों निवासी पास के ही गांव के बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर राजगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर राजगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में भी मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हादसे की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# मरीजों की जांच व परामर्श दिया

**भीलवाड़ा।** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति भीलवाड़ा द्वारा एपिक हॉस्पिटल अहमदाबाद के सहयोग से शनिवार को महेश छात्रावास में नि:शुल्क ह्दय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रख्यात कॉर्डियोवास्कुलर सर्जन डॉ. अनिल जैन एवं उनकी टीम ने ह्दय रोग के लक्षण वाले रोगियों एवं पीड़ितों की जांच करने के साथ परामर्श दिया। शिविर शुरू होते ही रोगियों की भीड़ उमड़ी जो समापन समय तक बनी रही। गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के अध्यक्ष उदयलाल समदानी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों में उद्योगपति रामपाल सोनी, विधायक अशोक कोठारी, महापौर राकेश पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा, माहेश्वरी सभा प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी,महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओम नराणीवाल,सचिव राजेंद्र कचोलिया,उद्योगपति श्रीगोपाल राठी, बनवारीलाल मुरारका, कैलाश कोठारी, हरिप्रसाद अठावाल, जुगलकिशोर बागडोदिया, राधेश्याम सोमानी, गजानंद बजाज, नवनीत सोमानी,फतहलाल जेथलिया, डॉ कैलाश काबरा, डॉ आरएस सोमानी, प्रदीप लाठी, कैलाश तोतला, दीपक लड्डा आदि शामिल थे।

# ज्योतिष भविष्य कथन में साधना जरूरी : ओझा

**जयपुर ।** भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश गौड़ ने बताया कि जयपुर के राजा पार्क स्थित माँ वैष्णो देवी मंदिर के वार्षिकोत्सव पर वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा आयोजित पाटोत्सव सप्ताह कार्यक्रम में भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट के विद्वानों द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आशीर्वाद प्रदाता के रूप में काले हनुमान जी मंदिर के महंत गोपाल दास महाराज थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज ओझा अतिरिक्त आयुक्त औषधि नियंत्रक एवं खाद्य सुरक्षा विभाग ने की। इस मौके ओझा ने कहा कि ज्योतिषीयों को चाहिए कि सफल व सटीक भविष्य कथन के लिए साधना करना जरूरी है। तब ही सटीक भविष्य वाणी की जा सकती है। ऐसे में ज्योतिषीयों के प्रति आम जन का विश्वास बढ़ेगा । मुख्य अतिथि हैरिटेज नगर निगम वार्ड 94 के पार्षद घनश्याम चंदलानी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. नरोत्तम पुजारी,पंडित बजरंग लाल शर्मा, कार्षणी डॉ.भरत महाराज ने अतिथियों का सम्मान किया गया।ट्रस्ट के राष्ट्रीय महा सचिव व कार्यक्रम के संयोजक आचार्य पंडित ओपी शास्त्री ने बताया कि 14 जून को प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक वैदिक ज्योतिष,टैरो कार्ड,अंक शास्त्र, हस्तरेखा,रमल शास्त्र, वास्तु शास्त्र, लाल किताब जैसी विभिन्न विधाओं के प्रख्यात विद्वानों-विदुषियों द्वारा अपने-अपने ज्योतिषीय ज्ञान व अनुभव के माध्यम से जनसाधारण की समस्याओं का नि:शुल्क सटीक फलादेश कर सरल ज्योतिषीय

■ नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में 50 विद्वानों ने पढ़ा 500 जातकों का भाग्य

उपाय बताये गए।संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री,राष्ट्रीय संगठन मंत्री आचार्य सुरेश शर्मा,राजस्थान प्रदेश प्रभारी पंडित हरिप्रसाद गौड़, ने विद्वानों को संस्था का दुपट्टा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर पुजारी रमेश चंद्र शर्मा,पुजारी मदन मोहन शर्मा,।पंचांग कर्ता पंडित प्रवीण शास्त्री भीनमाल, विदूषी सुधा शर्मा जयपुर, टैरो रीडर दीक्षा सोनी जयपुर, टैरो रीडर प्रियंका सोनी जयपुर, वास्तु विशेषज्ञ कुंज बिहारी महाराज,भृगु संहिता,रमलाचार्य दिनेश शर्मा नागौर,रमल ज्योतिषी नरेंद्र संतानी जयपुर, हस्त रेखा विशेषज्ञ डॉ.विष्णु दत्त शर्मा अजमेर,हस्त रेखा ज्योतिषी कृष्ण कुमार शर्मा गाजियाबाद,वास्तु विशेषज्ञ पंडित देवकीनंदन उनियारा, हस्त रेखा ज्योतिषी डॉ.विष्णु लाल शर्मा जयपुर, हस्त रेखा विशेषज्ञ पंडित मोहनलाल शर्मा,ललिता शर्माज्योतिषी डॉ.नन्द किशोर पुरोहित बीकानेर सहित विद्वानों व विदुषियों ने जातकों का भविष्य पढ़ा व सरल ज्योतिषीय उपाय बताए।वैष्णो देवी सेवा समिति के अध्यक्ष राज भाटिया, उपाध्यक्ष कमलेश आसुदानी, सचिव राज कुमार भाटिया सहित समिति सदस्यों ने विद्वानों को सम्मानित कर संस्था द्वारा नि:शुल्क सेवा देने पर आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद विमान हादसे में मृतकों को सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि दी गई।

# मौसम ने अचानक ली करवट

**पुष्कर ।** पुष्कर में शनिवार की शाम को अचानक ही मौसम ने करवट बदलते हुए तेज आंधी और तूफान के साथ हुई बरसात के चलते लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है तो वही पूरा आकाश बादलों से ढक रखा हे और तेज बरसात होने से लोगों को काफी गर्मी से काफी राहत मिली है करीबन तीन-चार दिनों से भीषण गर्मी के चलते लोगों का गर्मी से हाल-बेहाल हो गया था लेकिन शनिवार को अचानक ही शाम को मौसम ने करवट बदलते हुए तेज आंधी तूफान के चलते बरसात होने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है।वही निचली बस्तियों में पानी भर जाने से एक बार फिर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही एक वर्ष पूर्व 11 करोड रुपए के लागत से बने बरसाती नाले फेल हो गए आधे घंटे तक हुई तेज बरसात के चलते परिक्रमा मार्ग पानी से भर गया।

# पाली के जाडन टोल पर ड्राइवरों का हंगामा



पाली के जाडन टोल पर ओवरलोड होने का टोल लिए जाने पर ट्रक ड्राइवर ने हंगामा खड़ा कर दिया।

**पाली, (नि.सं.)।** पाली के जाडन टोल पर शनिवार दोपहर को ओवरलोड होने का टोल लिए जाने पर एक ड्राइवर ने नाराजगी जताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। देखते ही देखने अन्य कई वाहनों के ड्राइवर उसके पक्ष में आ गए और वाहन खड़े कर रास्ता जाम कर दिया। जिससे वाहनों की कतार लग गई। मौके पर सदर थाना पुलिस पहुंची और मामला शांत करवाया। पाली शहर के पाली-ब्यावर हाइवे पर जाडन के निकट स्थित टोल नाके पर शनिवार दोपहर को एक ट्रक पहुंचा। ट्रक ओवरलोड होने की बात कहते हुए टोल कर्मी ने ओवरलोड का टोल काट लिया, लेकिन इससे ड्राइवर गुस्सा हो गया और बोला कि उसकी गाड़ी ओवरलोड नहीं है और रास्ते पर ही गाड़ी खड़ी कर हंगामा करने लगा। यह देख कई दूसरे वाहनों के ड्राइवर भी रुक गए। और उसका पक्ष लेने लगे। देखते ही देखते जाम जैसी स्थिति हो गई। स्थिति को कंट्रोल करने के लिए टोलकर्मियों ने सदर थाना पुलिस को सूचना दी। बाद में गाड़ी का वजन करवाया गया। ओवरलोड नहीं होने पर शेष रुपए ड्राइवर को वापस दे दिए लेकिन उसके बाद भी हंगामा जारी रखा और मामला धक्का-मुक्की तक पहुंच गया। मौके पर सदर थाने के भंवरलाल वाडिया मयजप्ता पहुंचे और स्थिति को कंट्रोल किया। इस दौरान हंगामा करने वाले कई वाहन चालक चले गए। पुलिस ने हाइवे पर खड़े वाहनों को हटाया और यातायात सुचारू किया। घटना को लेकर फिलहाल किसी ने रिपोर्ट नहीं दी है।

# हादसे में महिला की मौत, एक दर्जन घायल

## श्रद्धालुओं की गाड़ी खाटू श्याम जी जा रही थी

**मानपुरा माचैड़ी (निसं)।** दिल्ली अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर चंदवाजी थाना इलाके में मानपुरा माचैडी टोडी बावड़ी बालाजी मंदिर के पास पूलिया पर शनिवार अल सुबह खाटू श्याम जी जा रहे श्रद्धालुओं के कैंटर को पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे श्रद्धालुओं के कैंटर के पास खड़ी एक महिला की मौत हो गई व एक दर्जन लोग घायल हो गए। हाइवे पर चीख पुकार मच गई।घटना के बाद लोगो ने हाइवे को जाम कर दिया।मृतका के साथ के लोगो ने शव को नही उठाने दिया और सड़क पर बैठ गए। मौके पर पुलिस भी पहुँची लेकिन असहाय खड़ी रही। मृतक महिला की बेटी जयश्री ने व साथ वालों ने हाइवे पेट्रोलिंग की चेतक के पुलिस कर्मियों पर आरोप लगाया कि यह श्रदालुओ से अवैध रूप से वसूली कर रहे थे। महिला के परिवार ने आरोप लगाया कि हाईवे पर पुलिस वाले वसूली कर रहे थे। इसी के लिए ट्रक को रोका था। इतने में हादसा हो गया।बाद में मौके पर पहुंचे पुलिस के आला



घटना के बाद लोगों ने हाइवे पर जाम लगा दिया।

अधिकारियों व आस पास के लोगो ने समझाइस कर लोगों को मनाया और करीब 2 घंटे बाद यातायात सुचारू हो पाया । तब तक करीब 10 किलोमीटर तक लम्बा जाम लग गया था । हाइवे पेट्रोलिंग के पांच पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया ।

जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश के आगरा जिले के सया गांव से करीब दो दर्जन लोग एक ट्रक में सवार हो कर खाटू श्याम जी के दर्शन करने के लिए आ रहे थे। शनिवार अल सुबह 5 बजे दिल्ली अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर मानपुरा माचेड़ी पुलिया के ऊपर पुलिस पेट्रोलिंग की चेतक गाड़ी खड़ी थी, चेतक में सवार पुलिस कर्मियों ने

■ दिल्ली अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर मानपुरा माचेड़ी पुलिया पर हादसा हुआ

अचानक से श्रदालुओं के गाड़ी को रुकवाया।तो कुछ लोग नीचे उतर कर आए और पुलिस से रोकने की वजह पूछी।गाड़ी में सवार श्रदालुओ व प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुलिस वालों ने गाड़ी छोड़ने की एवज में 5 हजार रुपए की मांग की। बाद में 5 हजार होते हुए पांच सौ रुपए तक आ गए।इतने में ही पीछे से आरहे एक अन्य केंटर ट्रक ने श्रदालुओं की गाड़ी के टक्कर मार दी। हादसे में एक 75 वर्षीय महिला प्रेममती की मौके पर ही मौत हो गई व एक दर्जन लोग घायल हो गए।

श्रदालु जयश्री कुमारी कुशवाह ने बताया कि हमारी गाड़ी (ट्रक) को पुलिसवालों ने रोका था। मेरे भाई से रुपए की डिमांड की। इसी दौरान मेरी मां (प्रेममति) भी ट्रक से नीचे उतरी। इतने में पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। पुलिसकर्मियों ने कहा कि ट्रक ओवरलोड है। इसलिए दश बीस हजार रुपए लगेंगे। हकीकत यह थी कि हमारे ट्रक में केवल हमारे परिवार के 20 लोग बैठे थे। पुलिसकर्मियों की उगाही के कारण हमारी मां हमारे बीच में नहीं हैं। वहीं मेरे चाचा के भी गंभीर चोट लगी है । खाटूश्याम के दर्शन के लिए जा रहा था परिवार- मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी नारायण लाल शर्मा ने बताया- महिला का परिवार खाटूश्याम जी दर्शन के लिए ट्रक से जा रहा था। हाईवे पर पेट्रोलिंग करने वाली चंदवाजी थाने की चेतक-2 की टीम ने ट्रक को रोक लिया था। इस दौरान प्रेममति कुशवाह (75) सहित परिवार के लोग ट्रक से नीचे उतरकर पास में ही खड़े थे। इतने में पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। प्रेममति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में चेतक में तैनात कॉन्स्टेबल प्रभुनारायण भी घायल हो गए।

# आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 के एडमिट कार्ड जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं (आरएएस मुख्य)परीक्षा 2024 का 17 व 18 जून को आयोजित होंगी। आयोग द्वारा परीक्षा के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर जारी कर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ट कर डाउनलोड कर सकते हैं।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि शनिवार को परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए है। अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ट कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है।

**17 व 18 जून को परीक्षा:** मेहता ने बताया कि आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 17 व 18 जून को आयोजित होंगी। अजमेर में 29 व जयपुर में 48 सेंटर पर परीक्षा होगी।

21 हजार 539 कैंडिडेट्स है। एडमिट कार्ड अपलोड कर दिए गए है। निर्धारित परीक्षा कार्यक्रमानुसार प्रात: 9 से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त की जा सकती है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आरएएस प्री में 3 लाख 75 हजार 657 कैंडिडेट्स शामिल हुए, इसमें से 21 हजार 539 पास हुए। 10 प्रतिशत से ज्यादा सवालों का जवाब नहीं देने के कारण 1680 कैंडिडेट्स अयोग्य घोषित किए गए। 2 का परिणाम कोर्ट में याचिका के कारण रोका। आरएएस भर्ती 733 पदों पर निकाली गई थी। 17 फरवरी को पदों की संख्या बढ़ाकर 1096 कर दी गई, इसमें राज्य सेवा के 428 और अधीनस्थ सेवा के 668 पद हैं।

# खेल जगत



मैं इरादे का पक्का हूं। तीसरे दिन मांसपेशियों में खिंचाव आने के बाद भी मैंने बैटिंग की और टीम की जीत की नींव रखी। मैंने ने 66 रनों की पारी खेली।

– टेम्बा बावुमा

दक्षिण अफ्रीकी कप्तान, ऐतिहासिक जीत के बाद बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी**



### नीरज चोपड़ा

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरच चोपड़ा 20 जून को होने वाले पेरिस डायमंड लीग में खेलने उतरेंगे। नीरज आठ साल बाद इस टूर्नामेंट के पेरिस चरण में हिस्सा लेंगे। नीरज लगातार दो टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहे हैं और उनकी नजरें अब इस प्रतियोगिता में टॉप पर रहने की होगी। नीरज ने पिछले साल ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण इसमें हिस्सा नहीं लिया था। नीरज ने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। अफ्रीका ने 27 साल बाद आईसीसी खिताब जीता।

### दक्षिण अफ्रीका ने सिर्फ एक टेस्ट नहीं इतिहास जीत लिया

# दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल के अभिशाप को तोड़ विश्व टेस्ट चैम्पियन का ताज पहना

लंदन, 14 जून। दक्षिण अफ्रीका की 2025 की टीम ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लार्डस में एक शानदार अभियान का अंत किया और ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।




इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉर्ड्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया।

आखिरी बार दक्षिण अफ्रीका ने 1998 में आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम की थी। तब से उम्मीदें क्रूर चक्रों में बढ़ती और गिरती रही हैं। किसी भी अन्य क्रिकेट टीम को इतने सारे नज़दीकी मुकाबलों के भावनात्मक बोझ को नहीं उठाना पड़ा है। लेकिन इस बार, यह अलग था। इस बार, शांत स्वभाव वाले टेम्बा बावुमा की अगुआई वाली टीम ने पलक झपकाने से इनकार कर दिया। उन्होंने चौथे दिन सुबह 69 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा किया और एक संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि यह दक्षिण अफ्रीकी टीम इतिहास को दोहराने के लिए नहीं, बल्कि इसे फिर से लिखने के लिए आई थी।

213/2 से आगे खेलते हुए, दिन की शुरुआत एक डर के साथ हुई। बावुमा ने 66 रन की शानदार पारी खेली, और उसके तुरंत बाद ट्रिस्टन स्टब्स भी आउट हो गए। फिर भी, कोई घबराहट नहीं थी। क्रीज पर एडेन मार्करम, तीसरे दिन के शतकवीर, हमेशा की तरह शांत खड़े थे। उन्होंने पहले ही दक्षिण अफ्रीकी टेस्ट इतिहास की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक खेली थी। धाराप्रवाह 136 रन जब विकेट उनके चारों ओर गिर रहे थे और शनिवार को उन्होंने सुनिश्चित किया कि प्रोटियाज लाइन पार करें, भले ही वह उससे ठीक पहले आउट हो गए हों। जीत से छह रन पहले उनके आउट होने से लॉर्ड्स के दर्शकों को केवल एक पल के लिए खड़े होने और उस व्यक्ति को सलाम करने का मौका मिला, जिसके बल्ले ने पूरे देश की जीत की पटकथा लिखी थी।

काइल वेरिन ने अंतिम शाट खेला और उसके बाद जो दहाड़ हुई, ऐसा लगा जैसे पूरा देश एक साथ सांस छोड़ रहा हो। मार्करम की पारी आधारशिला थी, लेकिन यह जीत सामूहिक ताकत पर बनी थी। बावुमा का धैर्य। कागिसो रबाडा का जोश। महाराज का नियंत्रण। स्टब्स की मौजूदगी और एक ड्रेसिंग रूम जिसने कभी भी पिछली असफलताओं के भूत को नहीं भुलाया।

मार्कराम के साथ 2014 अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के एक अन्य पूर्व खिलाड़ी रबाडा ने साबित कर दिया कि वह इस गेंदबाजी इकाई की आत्मा क्यों हैं। मैच में नौ विकेट और ऐसे स्पेल के साथ जिसने ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए दबाव को दहशत में बदल दिया।

## चोटिल स्मिथ ने नहीं करायी सर्जरी, वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज तक फिट होने में संशय

लंदन 14 जून। लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे दिन शुक्रवार को कैच लेने के दौरान अंगुली में चोट खाने वाले आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने कम्पाउंड डिस्लोकेशन की सर्जरी से बचने में सफलता प्राप्त की है, लेकिन वेस्टइंडीज में ऑस्ट्रेलिया की आगामी टेस्ट सीरीज के लिए फिट होने के लिए उन्हें अभी भी समय की कमी का सामना करना पड़ सकता है। टेम्बा बावुना का तेज कैच लपकने के प्रयास मे स्मिथ चोट खा बैठे थे। मैदान से बाहर निकलते ही वह सीधे अस्पताल गए जहां घाव को साफ किया गया, टांके लगाए गए और उंगली को स्प्लिंट में रखा गया और यह समझा जाता है कि अगर वह स्प्लिंट के साथ ऐसा करने में सक्षम हैं तो वह बल्लेबाजी करने में सक्षम होंगे, जिसे उन्हें आठ सप्ताह तक पहनने की आवश्यकता होगी, हालांकि घाव के लगभग एक पखवाड़े में ठीक होने की उम्मीद है।

मैदान में उन पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आकलन करने की आवश्यकता होगी और यह स्लिप में क्षेत्ररक्षण करने की उनकी क्षमता को बाधित कर सकता है। उधर, वेस्टइंडीज में ऑस्ट्रेलिया का पहला टेस्ट 25 जून को बारबाडोस में शुरू होगा, इसके बाद जुलाई में ग्रेनेडा और जमैका में मैच होंगे। स्मिथ को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के अंत और पहले टेस्ट के बीच मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में वाशिंगटन फ्रीडम के लिए एक संक्षिप्त कार्यकाल भी देना था।

## जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका : पैट कमिंस

लंदन, 14 जून। ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया। इस परिणाम ने दक्षिण अफ्रीका को उसका पहला डब्ल्यूटीसी खिताब और 27 वर्षों में उसकी पहली आईसीसी पुरुष ट्रॉफी दिलायी। मैच के बाद के कमिंस ने कहा चीजें बहुत जल्दी बदल सकती हैं। हमेशा कुछ चीजें होती हैं। हमारे पास पहली पारी में अच्छी बढ़त थी और हमने उन्हें आउट करने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।




ऑस्ट्रेलिया ने मैच की शुरुआत मज़बूती से की, पहली पारी में 67 रन की अहम बढ़त हासिल की। लेकिन दूसरी पारी में उनके पतन ने दरवाज़ा खोल दिया, और प्रोटियाज़ ने एडेन मार्करम की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत चौथे दिन शानदार तरीके से जीत दर्ज की। कमिंस ने कहा ऐसा लग रहा था कि विकेट सपाट हो गया है, लेकिन उम्मीद थी कि यह बदल सकता है और दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। लियोनो (नाथन लियोन) ख़तरनाक लग रहे थे, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। एडेन शानदार थे। दक्षिण अफ्रीका चैंपियन बनने के हकदार थे।

ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी चक्र में शानदार प्रदर्शन किया है जिसमें एशेज रिटेंशन और कई विदेशी जीत शामिल हैं। कमिंस ने कहा लॉर्ड्स में यह सब एक साथ नहीं हुआ। यह दो साल शानदार रहे हैं, लेकिन शायद यह दोनों ही चीजें निष्पादन और परिस्थितियाँ इस खेल में काम नहीं आईं। उन्होंने प्रतियोगिता में बने रहने और मौकों का फ़ायदा उठाने की दक्षिण अफ्रीका की क्षमता की प्रशंसा की।

## राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड में श्रीगंगानगर, जयपुर, नागौर, धौलपुर, सीकर, कोटा, हनुमानगढ़ व अजमेर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

जयपुर, 14 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने बताया बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों की लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीपबिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के आज जयपुर में खेले गए मैचों में श्रीगंगानगर, जयपुर, नागौर, धौलपुर ,सीकर, कोटा, हनुमानगढ़ व अजमेर क्वाटर फाइनल में पहुंचे। आज सुमित गोदारा, दिव्य प्रताप सिंह, प्रशांत माली, मोहित भगतानी, सौरभ गोदारा के शतक भारत शर्मा, अर्जित गुप्ता, महिपाल लोमरोर, अवनीश, दिव्य प्रताप



राजपुरोहित, यश कोठारी, शाबाज, रजतबघेल, राहुल खडेलवाल, राहुल तोमर, तन्मय तिवारी, नक्षत्र यादव, धर्मवीर सैनी, सोहन जैफ, मनीष कुमार के अर्धशतक। मनीष कुमार, हितेश इंसा, गणपत लाल शर्मा, भगवन सिंह, दीपक चौधरी, हिमांशु राणा, रोहित बंजारा, अंश चौधरी, देवांश सिंह, ऋतिक शर्मा, रजत चौधरी, गणेश चौधरी, दानिश भाम्भू, संजीव यादव की शानदार गेंदबाजी।

## प्रणति ने एशियाई जिम्नास्टिक्स में वॉल्ट में जीता कांस्य पदक

जेचियन (दक्षिण कोरिया), 14 जून। भारत की प्रणति नायक ने शनिवार को एशियाई कलात्मक जिमनास्टिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इस तरह उन्होंने महाद्वीपीय मीट के इतिहास में सबसे सफल भारतीय जिमनास्ट के रूप में अपनी पहचान और मजबूत कर ली है। जेचियन जिमनैजियम में प्रतिस्पर्धा कर रही 30 वर्षीय ओलंपियन ने 13.466 का संयुक्त स्कोर बनाया और चीन की झांग यिहान और वियतनाम की गुयेन थी क्विन न्हू के बाद तीसरे स्थान पर रहीं।

प्रारंभिक दौर में 13.083 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली नायक ने पदक दौर में अपने पहले वॉल्ट में 13.666 के स्कोर के साथ जोरदार शुरुआत की। हालांकि, 12.866 के दूसरे प्रयास में वह थोड़े निराशाजनक रहीं और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## तीन खिलाड़ियों ने जड़ी इंट्रा-स्क्वाड मैच में फिफ्टी, शार्दुल ठाकुर की बेहतरीन गेंदबाजी

नई दिल्ली, 14 जून। इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया बेकेनहैम में 4 दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच खेल रही है। इस मैच में पहले दिन यानी 13 जून को भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने बल्लेबाजी में दम दिखाया जबकि शार्दुल ठाकुर गेंदबाजी में चमके। भारत 20 जून से शुरू हो रहे टेस्ट सीरीज के लिए अपनी तैयारियों को आखिरी रूप देने में लगा है।

टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर के आग्रह पर बिना किसी मीडिया कवरेज के बंद दरवाजों के पीछे हो रहे चार दिवसीय मैच सिमुलेशन अभ्यास ने कई खिलाड़ियों को इंग्लैंड की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने का मौका दिया। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पोस्ट में मैच के पहले दिन के टॉप प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का खुलासा किया। बीसीसीआई ने पोस्ट के जरिए बताया कि पहले दिन केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और कप्तान शुभमन गिल ने अर्धशतक लगाया जबकि गेंदबाजी में शार्दुल ठाकुर का जलवा रहा।

वहीं केएल राहुल ने इससे पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में शतक लगाया था और 116 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। राहुल ने आईपीएल 2025 के अपने शानदार फॉर्म को जारी रखा है। वहीं दूसरी तरफ भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए ये दौरे की बेहतरीन शुरुआत है जिन्हें रोहित शर्मा के बाद टीम की कमान मिली है। गिल का भारतके बाहर टेस्ट में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इंग्लैंड में भी उन्होंने अब तक 3 टेस्ट मैच में सिर्फ 88 रन बनाए हैं जिसमें उनका बेस्ट स्कोर 28 रन है। गिल के पास इस सीरीज में इंग्लैंड में खुद को साबित करने का अच्छा मौका है।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ 34वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला एवं पुरूष वुशू प्रतियोगिता का शुभारंभ

जयपुर, 14 जून। राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने बताया कि 34वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता का आज पूर्णिमा यूनिवर्सिटी मे उद्घाटन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह शेखावत केन्द्रीय पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री, भारत सरकार रहे। राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने सभी अतिथियों एवं समस्त राज्य संघ के सभी पदाधिकारियों का साफा पहनाकर बुके भेट कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सभी वुशू खिलाडियों को बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिये अभिप्रेरित किया एवं शुभकामनाऐं दी। राजस्थान के खिलाडियों राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करके देश एवं विदेश में राजस्थान का नाम रोशन किया विद्यालय एवं विश्वविद्यालय में वुशू खेल की लोकप्रियता बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री प्रत्येक खिलाडी को खेल के लिये प्रेरित एवं सहयोग महत्वपूर्ण रूप से करते हैं। सभी खिलाडियों एवं वुशू संघ को शुभकामना दी। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी ने सभी पदक विजेता खिलाडियों को शत् प्रतिशत छात्रवृति देने की घोषणा की। भारतीय टीम के कोच राजेश कुमार टेलर ने



बताया कि पहले दिन मुकाबले प्रात: 8 बजे से शुरू किये जाऐंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूपेन्द्र सिंह बाजवा चैयरमेन भारतीय वुशू संघ ने की। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र सिंह बाजवा महासचिव भारतीय वूशु संघ, सुहेल अहमद, सीईओ भारतीय वुशू संघ, शशिकांत डारेक्टर पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जयपुर, रमा चौपडा जिला प्रमुख जयपुंर, गोपाल सैनी ओलिंपयन अध्यक्ष राष्ट्रीय क्रीडा भारती उपस्थित रहे तथा अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृत नागरिकों को दो मिनट का मौन धारण करके सभी खिलाडियां, पदाधिकारी, आयोजक एवं अतिथियो ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आर.डी. बाहेती जिला बैडमिंटन में राशि सिंघल एकल ग्यारह और मिक्स डबल्स में भानू प्रताप व पद्मजा सिंह की जोड़ी ने जीते खिताब

जयपुर, 14 जून। आर. डी. बाहेती चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में आज हुए दो वर्ग के फाइनल खेले गए बालिका वर्ग 11 एकल में राशि सिंघल और मिक्स डबल्स 19 आयु वर्ग में भानु प्रताप व पद्मजा सिंह ने खिताब जीते अडर 11 वर्षीय बालिकाओं में राशि सिंघल ने अभीका मीना को 21-16 ,21-8 से परास्त किया वहीं अडर 19 वर्ष आयु वर्ग के मिक्स डबल्स में भानु प्रताप व पद्मजा सिंह की जोड़ी ने ऋतिक वर्मा और रेवा अवस्थी की जोड़ी को 21- 11, 21- 13 से परास्त कर खीताब जीता। वही लड़कियों के अडर 19 वर्गीय एकल प्रतियोगिता में हुए सेमीफाइनल में गरिमा यादव ने देवांशी लाल को 21 -12, 21- 7 से हरा फाइनल में प्रवेश किया तथा दूसरे सेमीफाइनल में निधि ने यशस्वी शर्मा को 21-8 ,22-20 से हरा फाइनल में प्रवेश किया।

अंडर 19 आयु वर्ग में बालीका डबल्स में नव्या अरोड़ा व प्रतीक्षा की जोड़ी ने 21- 11, 21 -7 से ऐश्वर्या और कशिका जैन की जोड़ी को परास्त किया। अन्य सेमीफाइनल में आदविका अग्रवाल और गरिमा यादव की जोड़ी



ने दिव्यांशी फगेरिया और दिव्यांशी लाला की जोड़ी को 21-7 ,21-17 से हरा फाइनल में प्रवेश किया ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री अतुल गुप्ता के अनुसार शेष सभी सेमीफाइनल में फाइनल कल खेले जाएंगे। परितोषित वितरण सोमवार शाम 5 बजे सवाई मानसिंह स्टेडियम बैडमिंटन हॉल पर ही होगा। आज देर रात तक वेटरन के मैच भी खेले जाएंगे।

### अन्य वर्गों में सेमीफाइनल में पहुंचे खिलाड़ी

**अंडर 11 बालक एकल सेमीफाइनलिस्ट**
रक्षित सिंह मेहरा, लक्षित रेवार, नैतिक बंसल ,गर्वित दहिया।

अंडर 13 बालिका वर्ग एकल सेमीफाइनलिस्ट
पद्मजा सिंह, मिराया फगेरिया, रिद्धि कनिष्क शर्मा।

अंडर 13 बालक युगल सेमीफाइनलिस्ट
अद्विक -हिमाक्ष,अनीश -प्रणव, शौरीन-शुभम,लक्ष्यराज- रक्षित।

अंडर-19 बालक एकलसेमीफाइनलिस्ट, भानु प्रताप ,आयुष यादव,अंबर चंद्रवंशी ,भव्य दीप सिंह पवार।

अंडर-19 बालक युगल सेमीफाइनलिस्ट
धैर्य राजपाल -सात्विक चौधरी,अंबर चंद्रवंशी- प्रांजल कौशिक,भानु प्रताप-विशाल,अंश- विनीत।

## भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारी

लंदन, 14 जून। भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) मैच में ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में पहले 35 मिनट में 0-3 से पिछड़ने के बाद भारत ने दीपिका (44') और नेहा (52') के गोल की मदद से मुकाबले में वापसी की।

## लक्ष्य क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 14 जून। अंडर-16 अरावली कप में देवेंद्र सिंह क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39 ओवर में 195 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाए। नरपत कुमार ने 46, अनुराग लखन ने 36 और सुमेर गोदारा ने 32 रनों का योगदान दिया! लक्ष्य क्रिकेट अकादमी की ओर से राघव प्रजापत ने तीन, योगेश और तनुज ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी लक्ष्य क्रिकेट अकादमी ने 22 ओवर में 196 रन 4 विकेट के नुकसान पर बनाकर जीत हासिल कर ली। लक्ष्य ने 50, राघव प्रजापत ने 44 नाबाद और योषित गुर्जर ने 42 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैन राघव प्रजापत को चुना गया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN
RISING™ RAJASTHAN
REPLETE • RESPONSIBLE • READY

प्रत्यक्ष आवंटन योजना - 2025
राइज़िंग राजस्थान में MoU करने वाले निवेशकों के लिए भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर
औद्योगिक भूखण्डों का डायरेक्ट अलॉटमेंट
तृतीय चरण
ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक 16.06.2025 (प्रात: 10 बजे) से 27.06.2025 (सायं 6 बजे तक)
आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।
ई-लॉटरी 2 जुलाई, 2025
6,806 कुल औद्योगिक भूखण्ड
6,037 अनारक्षित
97 औद्योगिक क्षेत्र
विभिन्न श्रेणियों / वर्गों के लिए आरक्षित भूखंड
237 अनुसूचित जाति/ जनजाति
206 महिला वर्ग
117 भूतपूर्व सैनिक
147 बेंचमार्क दिव्यांगता
62 सशस्त्र बलों/ अर्ध सैनिक बलों के मृतक आश्रित
आवंटन की प्रक्रिया
एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन
EMD - भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाइन जमा।
पात्रता - निवेशक जिन्होंने 30/04/2025 तक राइजिंग राजस्थान में राज्य सरकार के साथ एमओयू किये हैं वे सभी इस स्कीम में भूखण्ड के लिए पात्र हैं।
आवेदन हेतु स्कैन करें
भूखण्ड की राशि का भुगतान
25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या
120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
RIICO की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण
5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
इस योजना के तहत भूखण्ड देखने या आवेदन करने के लिए https://riico.rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in पर दिए गए Direct Land Allotment लिंक पर क्लिक करें अथवा SSO Portal पर login के बाद RIICO के आइकन पर क्लिक करके Land Allotment पर जाएं और Direct Land Allotment Policy - 2025 (for RR MoU Holders) पर क्लिक करें।
राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005
हैल्पलाइन नंबर : 0141 4593250, 4593237 | वाट्सएप : +91 90013 06515 | ई-मेल : riico@riico.co.in
https://www.riico.co.in · riico.rajasthan.gov.in · riicogis.rajasthan.gov.in/riicogiscitizen
राज.संवाद/सी/25/4301

## जयपुर जिला ओपन रैंकिंग कैरम प्रतियोगिता शुरू




जयपुर, 14 जून। जयपुर ज़िला ओपन रैंकिंग कैरम प्रतियोगिता के पहले दिन चौगान स्टेडियम पर हो रही 4 दिवसीय इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व आईएएस अफसर अजय सिंह चित्तौड़ा, अध्यक्ष राजस्थान कैरम संघ, और महासचिव जयप्रकाश ठाकुर ने कैरम पर स्ट्राइक कर किया। महिलाओं में राजकुमारी बालानी ने ममता धनवानी को, उमा ने महक को, ज्योति ने महारानी को हराया। बालकों में 5 साल के ईशान माहेश्वरी खेल रहे हैं। वैभव पारीक ने आशीष गुजर को, ईशान माहेश्वरी ने शिव वैष्णव को, सभी ने सीधे 2 सेटो में हराया। कल प्रात 9.30 बजे से सभी वर्गों में टूर्नामेंट होंगे।

## सीनियर नेशनल तैराकी 22 से भुवनेश्वर में

### जूनियर चैम्पियन युग चेलानी समेत राजस्थान की 6 सदस्यीय टीम हिस्सा लेगी

जयपुर, 14 जून। दो साल पहले भारत के जूनियर चैंपियन रहे राजसमन्द के युग चेलानी समेत राजस्थान का छह सदस्यीय तैराकी दल सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगा। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप 22 से 26 जून तक भुवनेश्वर में आयोजित होगी। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने शुक्रवार को यहां राजस्थान टीम की घोषणा की। व्यास ने कहा कि राजस्थान के खिलाड़ी पुरुष और महिला वर्ग की कुल 13 स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

व्यास ने बताया कि राजस्थान टीम का चयन सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इसमें उन्हीं खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्होंने फेडरेशन द्वारा निर्धारित क्वालिफाइंग टाइम हासिल किया है या जिन खिलाड़ियों ने अपनी इवेंट ने नया स्टेट रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान टीम में चार पुरुष और दो महिला खिलाड़ी शामिल हैं। पुरुष खिलाड़ी आठ स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे, जबकि महिला खिलाड़ी पांच स्पर्धाओं में राजस्थान की ओर से चुनौती पेश करेंगी।

व्यास ने प्रतियोगिता में राजस्थान के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि युग चेलानी, मोहम्मद अनस और योग्या खींची तीन-तीन स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे,



जबकि रतिका खाटा दो तथा अभिनन्दन खण्डेलवाल और कृष्णादित्य सिंह एक-एक स्पर्धा में मुकाबला करेंगे। प्रतियोगिता में राजस्थान की पदक की बड़ी उम्मीद युग चेलानी भुवनेश्वर में ही 2023 में हुई जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल चैंपियन बने थे। उन्होंने पिछले साल सीनियर नेशनल में भी राजस्थान के लिए स्वर्ण पदक जीता था।

राजस्थान टीम: पुरुष वर्ग युग चेलानी (200 मी. व्यक्तिगत मेडल 200 मी. फ्रीस्टाइल, 200 मी. बटरफ्लाई) मोहम्मद अनस (50 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक, 100 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक, 200 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक) अभिनन्दन खण्डेलवाल (200 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक) कृष्णादित्य सिंह (100 मी. बैकस्ट्रोक)।

महिला वर्ग : योग्या खींची (100 मी. फ्रीस्टाइल, 200 मी. फ्रीस्टाइल, 50 मी. बैकस्ट्रोक) रतिका खाटा (100 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक, 200 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक)। हिमांगी गुप्ता राजस्थान टीम की मैनेजर होंगी।



*मुख्यमंत्री निवास पर ब्रह्मधाम आसोतरा के गादीपति, परम पूज्य तुलछाराम महाराज से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भेंट कर उनका स्नेहाशीष प्राप्त किया।*

# ईरान ने की जवाबी कार्यवाही, तेल अवीव के कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया

## इज़रायल के रक्षा मंत्री ने चेतावनी दी, मिसाइलें दागना बंद नहीं किया तो "तेहरान जलेगा"

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। यरुशलम द्वारा ईरान के खिलाफ किए गए अनायास और अनुचित मिसाइल हमलों से भड़के ईरान ने शुक्रवार रात को तेहरान के परमाणु ठिकानों और मिसाइल अड्डों पर इज़राइली हमलों के जवाब में इज़राइल पर भारी मिसाइल हमला किया, जिससे तेल अवीव में कई सैन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुँचा है।

दोनों देश एक तीव्र संघर्ष में उलझ चुके हैं, जो दुनिया को वैश्विक युद्ध की ओर धकेल सकता है। इज़राइल का यह दावा कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के कगार पर है, निराधार प्रतीत होता है, जैसा कि अमेरिका ने इराक के खिलाफ झूठा आरोप लगाया था कि सद्दाम हुसैन के पास सामूहिक विनाश के हथियार हैं, जो अंततः पूरी तरह गलत साबित हुआ।

विशेषज्ञों ने कहा, इसी रणनीति को दोहराते हुए, ट्रम्प प्रशासन के समर्थन से इज़राइल मीडिया में जोर-शोर से ऐसा प्रचार कर रहा है, ताकि ईरान पर हमलों को उचित ठहराया जा सके, तेहरान ने लगातार यह कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और वह किसी भी तरह के परमाणु हथियार कार्यक्रम में शामिल नहीं है।

ईरान के शुक्रवार रात और शनिवार तड़के किए गए जवाबी हमलों से पहले, इस्लामी क्रांति के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला सैयद अली खामेनेई ने टेलिविज़न पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए ज़ायनिस्ट शासन को "कड़ी सज़ा" देने की बात कही थी।

इज़राइल के रक्षा मंत्री इस्त्राइल कात्ज़ ने तत्काल खामेनेई को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने इज़राइली नागरिकों पर मिसाइलें दागनी जारी रखीं, तो "तेहरान जल जाएगा"।

कात्ज़ ने एक बयान में कहा, "ईरानी तानाशाह ईरानी नागरिकों को बंधक बना रहा है और उन्हें एक ऐसी स्थिति में ला रहा है, जिसमें वे, खासकर तेहरान के निवासी, इज़राइली नागरिकों को पहुँचे नुकसान की बड़ी कीमत चुकाएंगे। अगर खामेनेई ने इज़राइली इलाकों पर मिसाइलें दागनी जारी रखीं, तो तेहरान जलकर राख हो जाएगा"।

इस बीच, ईरानी हमले जारी रहने वाले हैं, और ईरान की फ़ार्स समाचार एजेंसी ने शनिवार को वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि आने वाले दिनों में, इस क्षेत्र में स्थितअमेरिकी अड्डों को भी निशाना बनाया जाएगा।

वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के हवाले से, फ़ार्स ने रिपोर्ट किया, "यह टकराव बीती रात की सीमित कार्रवाई पर समाप्त नहीं होगा। ईरानी हमले जारी रहेंगे और आक्रांताओं के लिए यह काफ़ी दुखदायी और पश्चातापजनक होगा"।

- **दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी है, रणनीतिक विशेषज्ञों ने कहा, यह स्थिति दुनिया को विश्व युद्ध के कगार पर ले जा सकती है।**
- **ईरान ने अमेरिका, ब्रिटेन व फ्रांस को चेतावनी दी, अगर उन्होंने इज़रायल की मदद की तो ईरान उनके अड्डों व जहाजों को निशाना बनाएगा।**

अधिकारियों ने कहा कि यह युद्ध आने वाले दिनों में इस (इज़राइली) शासन द्वारा क़ब्ज़ा किए गए सभी क्षेत्रों और क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी अड्डों तक फैल जाएगा।

ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार, ईरान ने अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस को चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने ईरान के इज़राइल पर हमलों को रोकने में मदद की, तो उनके अड्डों और जहाज़ों को भी निशाना बनाया जाएगा।

इज़राइल में हवाई हमले के सायरन पूरे देश में, विशेष रूप से तेल अवीव और यरुशलम में बजे, जिससे नागरिकों को बंकरों की ओर भागना पड़ा, क्योंकि ईरानी मिसाइलों की लगातार बारिश हुई और इज़राइली अवरोधक उन्हें रोकने के लिए सक्रिय हो गए।

इज़राइल की एम्बुलेंस सेवा के अनुसार, एक पुरुष और एक महिला की उस समय मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए, जब एक मिसाइल उनके घर के पास गिरी।

तेल अवीव के बाहर के शहर ऋशोन लेजिओन में ध्वस्त हुए अपार्टमेंट भवनों के मलबे में बचाव दल तलाशी अभियान चला रहे हैं।

फ़िलिस्तीनी रेड क्रेसेंट के अनुसार, ईरान समर्थित हूती मिलिशिया द्वारा यमन से दागी गई एक मिसाइल ने इज़राइल-आधिकृत वेस्ट बैंक में पाँच फ़िलिस्तीनियों, जिनमें तीन बच्चे शामिल थे, की जान ले ली।

तस्नीम न्यूज़ एजेंसी ने रिपोर्ट किया, तेहरान में शुक्रवार रात कई विस्फोटों की आवाज़ें सुनी गईं।

ईरानी मीडिया ने बताया, ईरानी सशस्त्र बलों के दो उप-सेनापतियों की मौत इज़राइली हमलों में हुई। यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मृत्यु कब हुई, लेकिन उनकी मौत की जानकारी शनिवार को दी गई।

फ़ार्स समाचार एजेंसी के अनुसार, तेहरान के मेहराबाद हवाई अड्डे पर दो मिसाइलें गिरीं, और ईरानी मीडिया ने वहाँ आग लगने की खबरें दीं। यह एयरपोर्ट ईरान के शीर्ष नेतृत्व के निकट स्थित है और वहां एक वायुसेना अड्डा भी है, जिसमें लड़ाकू और परिवहन विमान तैनात हैं।

संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी ने कहा कि इज़राइली हमलों में 78 लोग मारे गए, जिनमें वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं, और 320 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें अधिकांश नागरिक हैं।

दो अमेरिकन अधिकारियों ने बताया, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को इज़राइल की ओर बढ़ रही ईरानी मिसाइलों को मार गिराने में मदद की। इज़राइल की सेना ने कहा कि ईरान ने शुक्रवार को 100 से कम मिसाइलें दागीं, जिनमें से अधिकांश को रोक लिया गया या वे लक्ष्य से चूक गईं।

दिनभर चले इज़राइली हमलों और उसके जवाब में हुई ईरानी कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र में व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ा दी है, हालाँकि ईरान के सहयोगी ग़ाज़ा में हमास और लेबनान में हिज़्बुल्लाह पहले ही इज़राइल के हमलों में कमजोर हो चुके हैं।

संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निगरानी प्रमुख राफेल ग्रोसी ने शुक्रवार को सुरक्षा परिषद को बताया कि नतांज़ का पायलट परिशोधन केंद्र पूरी तरह नष्ट हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि फ़ोर्दो और इस्फ़हान में दो अन्य ठिकानों पर हुए इज़राइली हमलों की जानकारी अब भी एकत्र की जा रही है।

## कांग्रेस में जातिगत...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जातियों की पहचान को लेकर विवाद हो सकते हैं।

कुछ कांग्रेस नेताओं को यह भी चिंता है कि यह प्रक्रिया बाँटने वाली तथा जटिल हो सकती है तथा इसमें गलतियों की काफी संभावनाएँ हैं। कुल मिलाकर, यह समाज में नए तनाव पैदा कर सकती है।

भारत में आखिरी बार जातिगत आंकड़े 1931 में एकत्रित किए गए थे।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी) करवाई थी, लेकिन जातिगत आंकडे जारी नहीं किए गए, क्योंकि इनमें विसंगतियाँ बताई गई थीं।

किन्तु आलोचकों का कहना है कि कांग्रेस उस समय राजनीतिक जोखिम से बचना चाहती थी, क्योंकि ये आंकड़े आरक्षण नीति और सामाजिक समीकरणों को बदल सकते थे।

हालिया वर्षों में राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं ने जाति जनगणना का समर्थन खुलकर करना शुरू इसलिये किया है, क्योंकि वे सामाजिक न्याय और संसाधनों के पुनर्वितरण पर जोर देना चाहते हैं।

लेकिन पार्टी के भीतर विरोध की प्रमुख वजहें हैं जैसे, राजनीतिक समीकरण, जातिगत ध्रुवीकरण का डर, पारंपरिक वोट बैंक के दूर छिटक जाने की चिंता, इस मुद्दे पर ऐतिहासिक अनिर्णय।

विशेष रूप से भाजपा की ओबीसी वर्ग में बढ़ती पहुंच और क्षेत्रीय सहयोगी दलों के दबाव के मद्देनज़र, कांग्रेस अब इस मुद्दे पर अपना रुख अधिक स्पष्ट करती दिख रही है।

## राजस्थान का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कुल 23 लाख 33 हजार 162 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और 13 लाख 15 हजार 853 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए थे।

इस वर्ष अनारक्षित श्रेणी के 689366, अनुसूचित जाति के 333646, अनुसूचित जनजाति के 150224, अन्य पिछड़ा वर्ग के 948507, ईडब्लूएस के 154326 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों की संख्या 965996 और छात्राओं की संख्या 1310062 रही। इस वर्ष की परीक्षा में 939 विदेशी अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि 11 उभयलिंगी (थर्ड जेंडर) शामिल हुए।

# ऑयल का ट्रांसपोर्टेशन अवरुद्ध होने के भय ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बाद आर्थिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

शुक्रवार को भारतीय रुपया वैश्विक तेल मूल्य वृद्धि के प्रभाव में लगभग 0.6 प्रतिशत गिरा, जबकि शुरुआती अनुमान बताते हैं कि यदि वर्तमान मूल्य स्तर बना रहा, तो घरेलू ईंधन की कीमतें 5 से 12 रूपए प्रति लीटर तक बढ़ सकती हैं। यह पूरे आर्थिक ढांचे में असर डालेगा, जिससे परिवहन, पैकेजिंग, कृषि और रसायन जैसे क्षेत्रों में लागत बढ़ेगी। ये क्षेत्र, जो तेल पर आधारित कच्चे माल पर निर्भर हैं, मार्जिन पर दबाव का सामना करेंगे और निर्माता यह बोझ उपभोक्ताओं पर डाल सकते हैं। महंगाई, जो हाल ही में नियंत्रण में आ रही थी, उसमें अचानक 0.5 से 1 प्रतिशत पॉइन्ट्स की बढ़ोतरी हो सकती है, यह इस पर निर्भर करेगा कि बढ़ते हुए तेल मूल्य कितने समय तक बने रहते हैं। नीति के स्तर पर, भारतीय रिज़र्व बैंक को ब्याज दरों में कटौती की कोई भी योजना टालनी पड़ सकती है।

- **भारत को ऑयल बॉण्ड, ऑयल पर लगी एक्साइज़ ड्यूटी में कटौती आदि, सख्त कदम उठाने होंगे।**
- **पर, कितनी महँगाई बढ़ती है, आदि, आदि, इस बात पर निर्भर करेगी कि ईरान-इज़रायल युद्ध कितने दिन चलता है। पर, कटु सत्य है कि भारत का "ग्रोथ मोमैन्टम" तो पूर्णतया रूक जायेगा।**

वहीं वित्त मंत्रालय को ईंधन की कीमतों में तेज़ वृद्धि को रोकने के लिए उत्पाद शुल्क में कटौती पर विचार करना पड़ सकता है, जिससे उसकी आर्थिक गणना पर असर पड़ेगा। कमजोर होता रुपया डॉलर में तेल को और महंगा बना देगा, जिससे समस्या और जटिल हो जाएगी। हालाँकि भारत हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठा है। देश ने अपने ऊर्जा स्त्रोतों में विविधता लाने के लिए काम किया है, और अब वह रूस से रियायती दर पर तेल खरीद रहा है, अमेरिका से भी तेल ले रहा है और इराक तथा यूएई जैसे खाड़ी देशों पर अधिक निर्भर हो गया है। यदि कीमतें लंबे समय तक ऊँची बनी रहीं, तो रणनीतिक तेल भंडार का इस्तेमाल भी किया जा सकता है, हालांकि यह अंतिम उपाय होगा।

घरेलू ऊर्जा और रक्षा विनिर्माण में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजनाएँ भी भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक सहनशक्ति का हिस्सा हैं, लेकिन ये तात्कालिक संकट का समाधान नहीं दे सकतीं।

अब आगे क्या होगा, यह संघर्ष की दिशा पर निर्भर करता है। यदि शत्रुता सीमित रहती है और इसका असर जहाजों के परिवहन या तेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर नहीं पड़ता तो कच्चे तेल की कीमतें 75 से 80 डॉलर प्रति बैरल के बीच स्थिर हो सकती हैं, जो कष्टकारी तो है लेकिन इससे डील किया जा सकता है। मध्यम स्तर के बढ़ते संघर्ष के तहत, जिसमें बुनियादी ढांचे पर अप्रत्यक्ष हमले या क्षेत्रीय टैंकरों को खतरे शामिल हों तो तेल की कीमतें 90 से 100 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। सबसे खराब स्थिति में, यदि होरमुज़ जलडमरूमध्य में पूरी तरह से नाकेबंदी या हमला होता है, कीमतें 120 डॉलर के पार जा सकती हैं, जिससे भारत जैसे तेल आयातक देशों के लिए भारी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

ऐसी स्थिति में, महंगाई नाटकीय रूप से बढ़ेगी, रुपया गिरावट का सामना करेगा, और तथा केंद्र सरकार को प्रतिक्रियात्मक उपायों के लिए मजबूर होना पड़ेगा। तेल बॉन्ड, उत्पाद शुल्क कटौती, और आयात विविधीकरण जैसी नीतिगत कुशनिंग कुछ राहत दे सकती हैं, लेकिन मूल समस्या बनी रहती है कि भारत की आर्थिक मशीनरी अब भी अस्थिर अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार की गिरफ्त में हैं, जहाँ भारी उतार-चढ़ाव है।

इज़राइल-ईरान संघर्ष ने भले ही भारत के हितों को सीधे निशाना नहीं बनाया हो, लेकिन इसके आर्थिक झटके पहले से ही महसूस किए जा रहे हैं। जब तक वैश्विक कूटनीति आगे बढ़कर तनाव को नियंत्रित नहीं करती, भारत का एक बार फिर बाहरी तेल संकट से जूझना पड़ सकता है, वो भी ऐसे समय में जब वह अपनी वृद्धि की गति को सुदृढ़ करने की कोशिश कर रहा है। ऊर्जा सुरक्षा की लड़ाई अब केवल सैद्धांतिक नहीं रह गई बल्कि यह वास्तविक समय में घट रही है।

## राहुल गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अधिक बेरोजगार युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपेंगी। उन्होंने कहा कि बढ़ ती महंगाई और बेरोजगारी के कारण युवाओं में बढ़ ती और नशे की लत मानसिक अवसाद को देखते हुये उन्हें इससे मुक्ति दिलाने के लिए यह कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि फ्लिपकार्ट, एयरटेल, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, महिन्द्रा, एमेज़ॉन, जेप्टो, टाटा, सैमसंग, हीरो, बजाज, वोल्टास, जस्ट डायल, वोडाफोन, ब्लिंकिट और रेडिसन जैसी प्रमुख कंपनियां उन लगभग 100 कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने बेरोजगारों की सीधी भर्ती के लिए मैगा जॉब फेयर में भाग लेने पर सहमति जतायी है।

## सीज़फायर के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तबादला जैसलमेर किया था। अपील में कहा गया कि अब दोनों देशों के बीच सीजफायर हो गया है और तनाव के हालात समाप्त हो गए हैं। स्वायत्त शासन विभाग ने आपदा प्रबंधन के तहत अपने कर्मचारियों के किए गए ट्रांसफर वापस ले लिए हैं।

# अहमदाबाद विमान हादसे की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित

## केन्द्र सरकार ने इस 11 सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की जो तीन माह में रिपोर्ट देगी

नयी दिल्ली, 14 जून। सरकार ने अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया के विमान की गुरुवार को हुई दुर्घटना की समग्रता से जांच के लिए केन्द्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, जो इस दुर्घटना को लेकर हर तरह के सवाल का जवाब तलाशेगी और तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने शनिवार को यहां उड़ान भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी और यह भी बताया कि विमान का डेटा रिकॉर्डर यानी ब्लैक बॉक्स मिल गया और उसकी डिकोडिंग की जा रही है। नायडू ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि वे इस दुर्घटना के शिकार यात्रियों के परिजनों के दर्द को समझते हैं, क्योंकि उन्होंने स्वयं अपने पिता को एक दुर्घटना में खोया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने के तीन घंटे बाद जब वे अहमदाबाद में घटनास्थल पर पहुंचे तो गुजरात सरकार की एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य में लगे थे। विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो (एएआईबी) ने अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय में तकनीकी जांच शुरू कर दी है। इस जांच से उत्तर मिलेगा कि तकनीकी स्तर पर क्या कमी या चूक हुई थी।

नायडू ने कहा, पिछले दो दिन बहुत मुश्किल भरे रहे हैं। अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास हुए हादसे ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ हैं... मैं व्यक्तिगत रूप से घटनास्थल पर गया, ताकि देख सकूँ कि क्या किया जाना चाहिए, क्या सहायता प्रदान की जानी चाहिए और यही रवैया गुजरात सरकार का भी था। भारत सरकार और मंत्रालय के अन्य लोगों का भी यही रवैया था। जब हम घटनास्थल पर पहुँचे, तो हमने देखा कि सभी संबंधित विभागों की प्रतिक्रिया टीमें ज़मीन पर काम कर रही थीं, जो भी संभव हो, बचाव करने की कोशिश कर रही थीं, आग को कम करने और मलबे को हटाने की कोशिश कर रही थीं, ताकि शवों को जल्द से जल्द अस्पताल भेजा जा सके। विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो, जिसे विशेष रूप से विमानों के आसपास होने वाली घटनाओं, दुर्घटनाओं की जाँच करने के लिए बनाया गया था, को तुरंत सक्रिय किया गया।




# इज़रायल-ईरान युद्ध से खाड़ी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जैसे अमेरिका और यूरोपीय संघ – के इशारों पर चलने के मामले में इज़रायल का व्यवहार पाकिस्तान से अलग नहीं है। वह एक रणनीतिक कठपुतली बन गया है और उसकी एकतरफा कार्रवाहियाँ पूरे मध्य पूर्व को खतरे में डाल रही हैं। प्रो. पाशा ने यह भी कहा कि भारत सरकार को इस संकट के समय आगे आकर अपने इज़राइल और ईरान दोनों के साथ वर्षों पुराने संबंधों का उपयोग कर विवाद के कूटनीतिक समाधान की दिशा में पहल करनी चाहिए।

भारत, जिसने अब तक दोनों देशों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को संतुलित रूप से बनाए रखा है, अब एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। नई दिल्ली जहां एक ओर इज़राइल के साथ मजबूत रक्षा और तकनीकी साझेदारी रखता है, वहीं ईरान के साथ उसके सांस्कृतिक, आर्थिक और ऊर्जा संबंध भी गहरे हैं। वर्षों से भारत ने ईरान में बुनियादी ढांचे और ऊर्जा परियोजनाओं, जैसे चाबहार बंदरगाह, में निवेश किया है, जो उसकी क्षेत्रीय संपर्क रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

- **प्रोफेसर आफताब कमाल पाशा, जो जवाहर लाल नेहरू युनिवर्सिटी में कार्यरत प्रोफेसर हैं, का कहना है कि इज़रायल ने पाकिस्तान की भांति, अमेरिका का "स्टूज" (पिछलग्गू) बनने का रास्ता अपनाया है तथा अमेरिका व यूरोपियन यूनियन के "आदेशों" की अनुपालना करने को तत्पर रहता है।**
- **प्रोफेसर पाशा की राय है, भारत के ईरान से गहरे सांस्कृतिक व इकोनॉमिक संबंध रहे हैं तथा अब इज़रायल से डिफैंस टैक्नॉलजी आधारित दोस्ती है। अतः भारत को अपनी इस अद्वितीय स्थिति को काम में लेते हुए दोनों देशों के बीच युद्ध की स्थिति को शांत करने के लिए उपयोग करना चाहिए।**

यमन, सीरिया और इराक में पहले से ही जारी तनावों के बीच, खाड़ी क्षेत्र में किसी भी नई अस्थिरता का असर पूरे दक्षिण एशिया और उससे आगे तक महसूस किया जा सकता है। कूटनीतिक सूत्रों के अनुसार, भारत सहित कई देश पर्दे के पीछे शांति वार्ता और तनाव कम करने के प्रयासों में जुटे हैं, ताकि एक पूर्ण क्षेत्रीय युद्ध को टाला जा सके।

जैसे-जैसे यह संकट गहराता जा रहा है, आने वाले दिन भारत की कूटनीतिक क्षमता, आर्थिक सहनशक्ति और रणनीतिक दूरदर्शिता की कड़ी परीक्षा साबित होंगे, न केवल ऊर्जा सुरक्षा के लिए, बल्कि खाड़ी क्षेत्र से जुड़े लाखों जीवनों के लिए भी।

## नाबालिग का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर बुलाया था और फिर वह उसे ट्रेन में बैठाकर अहमदाबाद ले गया। जहां उसे एक कमरे में रखा और उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। वहीं, बाद में पुलिस और उसके परिजन आकर उसे ले आये। दूसरी ओर, अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसके और पीड़ित पक्ष के बीच रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद था। ऐसे में द्वेषता के चलते उसे प्रकरण में फंसाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद, अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

## राजस्थान में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परिसंचरण तंत्र सक्रिय है तथा एक पश्चिमी विक्षोभ भी प्रभावी है। इससे मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। 14 जून से प्रदेश के कई जिलों- जैसे जयपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर, जोधपुर व भरतपुर-में बादल, तेज़ आंधी (50-60 किमी/घंटा), बिजली की गरज-चमक और बारिश की गतिविधियां देखी जा रही हैं।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908